# अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम

## *Social Activities* *News & Events*

## (०१.०९.२०२३ से ३१.०८.२४)

**Jaipur Unit: 02.09.2023**

अतिशा जैन सुपुत्री श्री विमल कुमार जैन R -CM ICICI, टोंक वाले ने 01/09/23 को दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में न्यायाधीश पद पर नियुक्ति होने पर शपथ ली ।

**Gurgaon Unit: 02.09.2023**

आगरा एम डी जैन मंदिर जी में चातुर्मास हेतु विराजित मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी मुनिराज को पड़गाहन और आहार चर्या हेतु गुड़गांव जैन बैंकर फोरम की और से महिलाएं श्रीमति साधना जैन और श्रीमति इन्दु जैन ने महाराज जी ने चौके में जाकर पुण्यार्जन का लाभ प्राप्त किया।

राजेश जैन, सचिव

**Gurgaon Unit: 11.09.2023**

हमारी शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री राकेश जैन ने " प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ , डोंगरगढ़ " द्वारा आयोजित वतन की उड़ान, प्रतियोगिता में भाग लेकर सफलता प्राप्त कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया!! आपने भारत के इतिहास को जानने एवं अध्ययन में अपनी रुची दिखाई.गुरुग्राम यूनिट के सभी सदस्य उनकी सफलता, राष्ट्र प्रेम की सराहना एवं अनुमोदना करते है तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

पवन कुमार जैन, अध्यक्ष

**Gurgaon Unit: 11.09.2023**

शनिवार दिनांक 09 सितम्बर, 2023 को गुरुग्राम यूनिट द्वारा बस से एक धार्मिक यात्रा श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर जी, तिजारा का आयोजन किया (मार्ग में श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, धारूहेड़ा के भी दर्शन करने का सौभाग्य मिला ) और बड़े ही भक्तिभाव से सभी ने दर्शन पूजन आदि का लाभ लिया। तत्पश्चात वहाँ से सभी जन "श्री वर्धमान सेवा परिवार ट्रस्ट", भिवाड़ी द्वारा संचालित "सोन प्रभा दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र", भिवाड़ी पहुँचे, (वहाँ का दृश्य देख कर ह्रदय करुणा से भर गया) वहाँ लगभग 60 दिव्यांग बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण,भोजन, ड्रेस एवं निशुल्क बस सेवा आदि दिया जाता है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। वंहा सभी बच्चों को दोपहर का भोजन कराया गया तथा साथ ही संस्था को रुपए एक लाख ग्यारह हज़ार की राशि सहयोग स्वरुप प्रदान की गई । स्कूल ने इन बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न वस्तुएँ जैसे जूट का सामान, मिट्टी के रंग बिरंगे दिये, मोतियों की माला, बंधनवार आदि सामान का प्रदर्शन किया था, जिन्हे खरीदने में सभी सदस्यो ने रूचि दिखाई। इस पूरे कार्यक्रम का प्रायोजन श्री महेश सिंघल जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 26 सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की एवं बड़े ही उत्साह से सभी कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। तत्पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद सहित यात्रा समाप्त हुई।

आयोजक :

पी के जैन विशिष्ट संरक्षक

सोम प्रकाश जैन, परम संरक्षक

नरेश जैन, SBI, संरक्षक.
पवन कुमार जैन, अध्यक्ष.
राजेश चन्द जैन, सचिव.
डी सी जैन, सह सचिव.
डी पी जैन, कोषाध्यक्ष.

## Jaipur Unit: 11.09.2023

जैसा कि आपको विदित है की श्री दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, सत्कार शॉपिंग सेंटर, मालवीय नगर,जयपुर द्वारा स्थापित विद्या सागर physiothrapy सेंटर का शुभारंभ रविवार ,२७ अगस्त २०२३ को स्व श्री शान्ति कुमार शाह, स्व श्रीमति कंचन देवी शाह, स्व श्री सुनील जैन की पुण्य स्मृति में सुपुत्री नीना जैन, दोहित्र श्री साहिल जैन, दोहित्र वधू श्रीमति अपूर्वा जैन,नायरा एवं नितारा जैन निवासी ए ३०२, ज्वैलर्स ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि ट्रस्टी श्री राज कुमार बाकलीवाल एवं श्री विपीन जैन ने किया। परिवार ने इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट को इस मंगल कार्य हेतु ५ ,००,०००/-₹ पांच लाख ₹ की राशि प्रदान की। दो सप्ताह में physiothrapy सेंटर के लाभार्थियों की संख्या २९ प्रति दिन तक पहुंची हैं, Dr S K Kala साहिब की सेवा का लाभ नियमित बड़ी संख्या में आम जन उठा रहे हैं। विद्या सागर physiothrapy सेंटर ने रेडक्लिफ लैब एवंम ज्योति डायगोनिस्टिक सेंटर के सौजन्य से दोनो रविवार दिनांक ०३ सितंबर एवं १० सितंबर को हेल्थ चेकअप कैंप health check-up camp का आयोजन किया, जिसमें क्रमश: ७२ एवम् ७१ कुल १४३ लाभार्थियों ने लाभ उठाया । हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन अगले रविवार को भी होगा। श्री सी एल जैन, अध्यक्ष मालवीय नगर मंदिर ट्रस्ट, जैन बैंकर्स फोरम के सम्मानित सदस्य है । आवश्यकतानुरूप चिकित्सीय सुविधा से क्षेत्र, समाज के व्यक्ति लाभान्वित होंगे । ट्रस्ट से और भी जैन बैंकर्स जुड़े हुए है ।सी एल जैन ,अध्यक्ष, मंदिर ट्रस्ट ।

## Gurgaon Unit: 12.09.2023

जैन बैंकर्स फोरम, गुरुग्राम द्वारा पंचम धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एक सितंबर को रखी गई थी उसके परिणाम इस प्रकार हैं:-

| | |
|---|---|
| प्रथम स्थान: | १.आशा जैन |
| | २.नीता जैन |
| | ३.साधना जैन |
| | ४. डी पी जैन |
| | ५. सुभाष जैन |
| | ६. आदेश जैन |
| | ७. सुषमा जैन |
| | ८. उषा जैन |
| | ९. राजेश जैन |
| | १०.रवि प्रकाश जैन |
| द्वितीय स्थान: | १. सुनीता जैन |
| | २. प्रभा रानी जैन |
| | ३. मंजू जैन |
| | ४. अचला जैन |
| तृतीय स्थान: | पुष्पा जैन |

## Ghaziabad Unit: 13.09.2023

भगवान महावीर के २५५० वे निर्वाण महोत्सव की धर्म प्रभावना के लिए एन सी आर में एक रथ स्थान स्थान पर जा रहा है. यह रथ आज श्री शांति नाथ दिगम्बर जैन मन्दिर शास्त्री नगर में आया. इस रथ में भगवान् महावीर का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य श्री वी. के. जैन (सेन्ट्रल बैंक) को मिला. हम उनके इस धार्मिक कार्य की अनुमोदना करते हैं. -एस. के. जैन, अध्यक्ष

## Lalitpur Unit: 14.09.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर एवं जैन मिलन शाखा सिविल लाइन ललितपुर के संयुक्त तत्वधान में आज दिनांक 14/9/23 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में श्री सुधा सागर कन्या इंटर कालेज ललितपुर में वृहद निबंध प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे संस्था के मंत्री श्री रमेश जैन , उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार जैन,श्री राजकुमार जैन,श्री गौरव जैन श्री सुरेन्द्र सिंघई, श्री प्रतीक जैन,शाखा अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया, कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना जैन एवं समस्त शिक्षिकायों के अलावा जैन मिलन सिविल लाइन शाखा के अध्यक्ष श्री राकेश जी वरया, मंत्री श्री देवेंद्र जैन वम्होरी,श्री अनिल जैन कक्का, इंजीनियर श्री नेमी चंद जैन, लॉयन श्री सन्मति सराफ,श्री सरस चंद जैन एवं स्कूल का समस्त स्टाफ रहा । कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयक्त मंत्री अतिवीर सुरेश बाबू जैन एडवोकेट एवं अतिवीर महेन्द्र जैन पंचमनगर, क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर विजय जैन सेंट्रल बैंक एवं क्षेत्रीय मंत्री वीर श्रेयांश जैन गदयाना भी उपस्थित रहे । प्रतिभागियों को आकर्षक पुरुस्कार वितरित किए गए। संचालन फोरम के मंत्री श्री रमेश जैन गदयाना द्वारा किया गया।

## THA Ghaziabad & Gurgaon Unit: 14.09.2023

आज दिनांक 14 सितंबर को ट्रांसहिडंन एवं गुड़गांव यूनिट के 10-12 सदस्य श्री जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री श्रेयांस जैन, श्री बी एस जैन कोषाध्यक्ष, श्री एन के जैन, श्री एस एस जैन, श्री के वी एस जैन संरक्षक, सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महासचिव, श्री महेश सिंगल सह कोषाध्यक्ष, श्री डी पी जैन कोषाध्यक्ष गुड़गांव यूनिट एवं श्री सुनील जैन सम्मानित सदस्य गुड़गांव यूनिट ऋषभ विहार स्थित जैन मंदिर मे 51 पिच्छी सहित विराजमान आचार्य सुनील सागर जी महाराज के दर्शन करने के लिए गए। इस अवसर पर श्री जे के जैन जी एवं सोम प्रकाश जैन ने आचार्य श्री को फोरम के बारे मे संक्षेप मे जानकारी दी एवं उनके सामने उनके सानिध्य मे फोरम की गोष्ठी रखने का प्रस्ताव रखा जिसे उन्होंने सहर्ष 22 अक्टूबर 2023 को प्रात: 8.00 से 10.00 बजे तक रखने की स्वीकृति प्रदान की । ट्रांस हिंडन गाजियाबाद से श्री प्रदीप जैन सीनियर मैनेजर पंजाब बैंक एवं श्रीमती आरूषी जैन बैंक ऑफ़ बडौदा भी सम्मिलित हुए थे.

## Gurgaon Unit: 16.09.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार गत चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 113 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad, Agra & Gurgaon Unit: 17.09.2023

हमें सूचित करते हुए प्रसनता है कि आज दिनांक 17 सितंबर 2023 को आचार्य श्री ज्ञेय सागर महाराज जी एवं ज्ञात सागर जी महाराज के दर्शन करने का सौभाग्य ज्ञान तीर्थ मुरैना में प्राप्त हुआ साथ ही आचार्य श्री को एवं ज्ञात सागर जी महाराज को आहार देने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ । इस अवसर पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से श्री जेके जैन श्री श्रेयांश कुमार जैन श्री बी एस जैन श्री निर्मल कुमार जैन गुरु ग्राम शाखा से श्री सोम प्रकाश जैन श्री डीपी जैन श्री महेश चंद्र जैन सिंगल आगरा से श्री अरुण रपरिया जी श्री अवनी जैन जी श्री अवधेश जैन जी श्री आरके जैन जी एवं दो अन्य सदस्यों ने इस अवसर पर भाग लिया।

सोम प्रकाश जैन, राष्ट्रीय महासचिव

## Muzaffarnagar Unit: 17.09.2023

आज रविवार दिनांक 17/09/2023 अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट की एक आम सभा 11:00 बजे पंजाब नेशनल बैंक के यूनियन ऑफिस रामलीला ग्राउंड तय के सामने शाखा अध्यक्ष श्री राजीव जैन जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई सर्वप्रथम सभा का आरंभ 9 बार णमोकार मंत्र के साथ हुआ उसके पश्चात सचिव वाई .के.जैन ने अभी तक यूनिट में किए गए कार्यों की समीक्षा की उनके विषय में बतलाया तथा उसके बाद आय /व्यय का विवरण शाखा कोषाध्यक्ष श्री एच. के.जैन जी के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसको सभी सदस्यों ध्वनिमत से बजट को पास किया । तत्पश्चात दूसरा एजेंडा था चुनाव अध्यक्ष राजीव जैन जी मंत्री वाई. के.जैन तथा कोषाध्यक्ष श्री हर्ष कुमार जैन जी ने अपनी त्यागपत्र दिए और सभा से बतलाया कि नए सदस्यों का चयन किया जाए। काफी विचार विमर्श के पश्चात श्री प्रवीण जैन पूर्व डी.जी.एम. पंजाब नेशनल बैंक को शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, श्री वाई. के.जैन पीएनबी को पुन सचिव नियुक्त किया गया तथा श्री अरविंद कुमार जैन पीएनबी वालों को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी ने करतल ध्वनि से नई कमेटी का अभिनंदन किया उसके पश्चात नई कार्यकारिणी ने अपना पदभार ग्रहण किया और दो प्रस्ताव पास किया पहला प्रस्ताव शुक्रताल ग्राम में एक बच्चों का स्कूल है जिसमें 100-125 बच्चे पढ़ते हैं उनका भोजन वितरण का कार्य किया जाए तथा दूसरा मुजफ्फरनगर में ही एक गवर्नमेंट सरकारी स्कूल है बच्चों का जिसमें यह तय हुआ कि सर्दियों में उनका स्कूल की ड्रेस गर्म जर्सी आदि का वितरण किया जाये सभी सदस्यों नें दोनों प्रस्ताव को पास किया तथा एक और प्रस्ताव पास किया गया जिसमें 23 सितंबर 2023 दिन शनिवार को खतौली में जैन इंटर कॉलेज में हमारे आदरणीय सदस्य कामरेड स्वर्गीय श्री सुरेंद्र कुमार जैन राष्ट्रीय सचिव AIBIA उनकी उनकी पुण्य स्मृति में एक विशाल ब्लड कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हमारे यूनिट द्वारा जूस एवं रिफ्रेशमेंट का स्टाल लगाया जाए। तत्पश्चात सभा विसर्जित की गई।

वाई . के. जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 23.09.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार आज अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 04.00 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 114 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## Muzaffarnagar Unit: 23.09.2023

कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन की स्मृति में एकादश विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन खतौली नगर के श्री कुंदकुंद जैन इंटर कॉलेज के तत्वाधान में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन, प्रख्यात बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, खतौली व श्री कुंदकुंद जैन एजुकेशन एसोसिएशन खतौली के पूर्व अध्यक्ष की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित कराया गया। यह लगातार लगने वाला एकादश रक्तदान शिविर है. कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश चंद जैन सराफ ने की। शिविर उद्घघाटन प्रमुख समाजसेवी मुख्य अतिथि कुंज बिहारी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के पद की गरिमा राजेश जैन गर्ग डुप्लेक्स संजय जैन पारस टी.एम.टी., मनोज जैन एलजी वाले,प्रदीप पोथी सराफ, आर.पी. शर्मा बैंक वालों ने बढाई। दीप प्रज्वलन एल. एम. जैन ,संजय जैन प्रेम विहार व दीपक जैन भैंसी वालों ने किया। मंचासीन अतिथियों ने कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन के चित्र के समक्ष भावांजलि प्रकट की। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षिका रजनी जैन ने मंगलाचरण व णमोकार महामंत्र के पाठ से किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक राजीव जैन बैंकर भी उपस्थित थे.

Today on 23rd Sept.2023, All India Jain Bankers forum, Muzaffarnagar Unit participated in " Blood Donation Camp ", organised by Shree Kund Kund Jain Inter College, Khatauli in memory of Jain Banker Late Com. Surrendra Kumar Jain ( A Very Senior, Reputed & Undisputed Banking Trade Union Leader, Ex-Chairman, Nagarpalika Parishad & Ex-President, K.K Jain Educational Association Khatauli) and facilitated Blood Donors with Refreshment & Juice etc. The programme was attended by Jain Bankers Sh.Rajeev Jain, patron AIJBF, MZN, Praveen Kr Jain, President, Sh.Y.K.Jain, Secretary, Sh.R.K.Jain, Sh.S.K.Jain, Sh. Adish Jain & Sh.J.L.Jain. We acknowledge the great contribution of Blood Donors for the cause of Humanity and appreciate the efforts of organisers, College Staff, Doctors, Medical Team members, Bankers and other generous persons of the Society who devotedly attended the above Camp for this noble Cause and paid Real Homage to our great Architect of Banking as well as Jain community and the Society.

Praveen Kumar Jain, President, Y.K.Jain, Secretary A.K.Jain, Treasurer

## Jaipur Unit: 26.09.2023

श्री निर्मल कुमार जी पाटोदी, सक्रिय सदस्य , जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर द्वारा दशलक्षण धर्म अणुव्रत साधना के क्रम में 10 दिन के उपवास - उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, ब्रह्मचर्य के पथ पर है । उनके उपवास की सुख साता की कामना के क्रम में आज अपरान्ह उपस्थिति दर्ज करवाई गई ।

## Jaipur Unit: 27.09.2023

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान को कल ज्ञान दान के रूप में रू 21000/- श्री पदम् जैन बिलाला द्वारा दिया गया.

## Kota Unit: 28.09.2023

हमारी केन्द्रीय समिति के कार्याध्यक्ष,कोटा इकाई के संरक्षक श्री राजेन्द्र कुमार जी जैन (एसबीआई)एवम श्रीमति रेखा जी जैन,डॉक्टर रोहित जी जैन आयुषी जी जैन द्वारा दिगम्बर जैन मंदिर,तलवंडी कोटा में अनन्त व्रत की माला प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।इस पुनीत कार्य की बहुत बहुत अनुमोदना।

## Bhopal Unit: 29.09.2023

**अंगदान देहदान नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम**

दिनाक 28/09/2023को वासुपुज्य जिनालय गुजराती कॉलोनी बावड़ियां कला भोपाल में जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट एवम किरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में देहदान नेत्रदान अंगदान त्वचादान के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किरण फाउंडेशन के सचिव डाक्टर श्री राकेश भार्गव, अध्यक्षा श्रीमती कमलदीप सलूजा एवम श्री राजेश कुमार जैन द्वारा नेत्रदान अंगदान त्वचादान से संबंधित जानकारी दी एवम भ्रांतियों का समाधान किया गया नेत्रदान अंगदान त्वचादान कैसे किया जाता है विस्तार से समझाया। समस्त उपस्थित जन समुदाय को CPR का जीवंत प्रदर्शन किया तथा अचानक हृदय आघात एवम दुर्घटना पर हम लोग का जीवन कैसे बचा सकते है विस्तार से समझाया। उक्त कार्यक्रम में शामिल 150 से अधिक महिला एवम पुरषों ने उत्साह से भाग लिया ।जैन बैंकर्स फोरम के श्री अनिल जैन (RBI), श्री प्रभात गोयल जैन, राजेंद्र जैन, श्रीमती मीनाक्षी द्वारा किरण फाउंडेशन के डाक्टर श्री राकेश भार्गव,श्रीमती कमलदीप सलूजा,श्री राजेश कुमार जैन का अंगी पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अत्यंत सफल आयोजन पर श्री मनोज सिंघाई द्वारा आभार प्रकट किया गया ।

## Gurgaon Unit: 29.09.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 08.00 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 115 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया । राजेश जैन, सचिव

## Bhopal Unit: 01.10.2023
वासुपूज्य जिनालय में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का प्रायोजन भोपाल फोरम द्वारा किया गया. उस अवसर पर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी हुआ.

## Gurgaon Unit: 02.10.2023
बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को अहिक्षेत्र में भगवान पार्श्वनाथ के सम्मुख पाण्डुकशिला पर श्री जी विराजमान करने एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमान सोम प्रकाश जी जैन, राष्ट्रीय महासचिव को प्राप्त हुआ साथ ही श्रीमान महेश सिंघल जी को श्री जी अभिषेक का प्रथम कलश एवं उनका भ्राता श्री को द्वित्य कलश करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ... हम आपके पुण्य की बहुत बहुत अनुमोदना करते हैं.
पवन कुमार जैन, अध्यक्ष

## Jaipur Unit: 04.10.2023
परम साधु भक्त धार्मिक व्यक्तित्व बैंकर श्रीमान महेंद्र जी छाबड़ा को आगरा शिविर में मिले सम्मान (द्वितीय स्थान ) के लिए बहुत बहुत बधाई.

## Gurgaon Unit: 07.10.2023
फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 116 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।
राजेश जैन, सचिव

## Jaipur Unit: 08.10.2023
दिनांक 07/10/23 को भट्टारक जी की नसियां में श्रीमान सुधांशु जी कासलीवाल एवं श्री मनीष मेहता के राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष एवं सदस्य मनोनीत होने पर जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा भावभीना स्वागत ।

## Gurgaon Unit: 09.10.2023
आज ट्यूलिप दिगम्बर जैन मंदिर जी में क्षमावणी पर्व मनाया गया, इस अवसर पर फोरम के दो सदस्यों श्री डीसी जैन साधना जैन और श्री आकाश जैन गरिमा जैन द्वारा पर्युषण पर्व के दौरान अभिषेक करने वालों 10 पुरुषों एवं उस समय उपस्थित रहने वाली 15 महिलाओं को धर्म प्रभावना बढ़ाने के उद्देश्य से 5 ग्राम चांदी का सिक्का भेंट देकर सम्मानित किया गया। उस समय फोरम के सदस्य श्री अभिषेक जैन ऋतिका जैन भी उपस्थित थे।

## Jaipur Unit: 12.10.2023
जैन बैंकर्स फोरम का सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम
जन कल्याण के कार्यों का लिया संकल्प
त्यागी व्रतियों का किया सम्मान
जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की दिनांक दिनांक 10/10/23 को सामूहिक क्षमावाणी एवं त्यागी व्रतियों के सम्मान कार्यक्रम का दुर्गापुरा जैन मंदिर में आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत भक्तामर के श्लोक के साथ की गई । सचिव सुनील काला ने सदस्यगण द्वारा अल्प सूचना पर भी मीटिंग में भाग लेने पर उनकी समाज हित में सक्रियता को इंगित किया । भागचंद जैन मित्रपुरा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में फोरम के द्वारा किए जा रहे बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान एवं सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी पर प्रकाश डाला । बैंकर्स से समाज के सभी वर्ग जुड़े हैं, जन धन खाता खुलने के बाद कह सकते है कि एक एक व्यक्ति बैंकिंग सेक्टर से जुड़ा हुआ है एवम जैन बैंकर्स फोरम अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से कर रहा है । राजस्थान जैन युवा सभा के अध्यक्ष जो कि जैन बैंकर्स फोरम के संरक्षक भी है प्रदीप जैन लाला ने समाज हितार्थ एक हेल्प लाइन शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया।
विभिन्न बैंकों के शीर्ष प्रबंधन श्रेणी के पूर्व अधिकारी गण यूनियन बैंक से अशोक जैन पूर्व महा प्रबंधक , राजस्थान मरुधरा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के पूर्व चेयरमैन ज्ञानेंद्र जैन एवं सुबोध जैन, पूर्व उप महा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक ने इस तरह के आयोजन की आवश्यकता, जैन एकता, सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेने की आवश्यकता पर जोर दिया एवं कहा कि बैंकिंग सेक्टर देश के आर्थिक विकास की धुरी है एवम जैन बैंकर्स फोरम समाज का एक ऐसा संगठन हैं जो कोई भी चुनौतीपूर्ण कार्य सहज ही वहन कर सकता है । साथ ही जन हित के सभी तरह के कार्य भी फोरम को अपने आगामी कार्यक्रमों में सम्मिलित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वहन करने की आवश्यकता बताई । कमलेश पांड्या ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला ।
इस दौरान जैन बैंकर्स वर्ग (Fraternity) से भाद्रपद माह में 1) प्रकाश चंद गंगवाल जनकपुरी, जयपुर द्वारा सोलह कारण व्रत/उपवास एवं 2) निर्मल कुमार पाटोदी सेक्टर 5 प्रताप नगर जयपुर द्वारा दशलक्षण उपवास किए जाने पर मुख्य/विशिष्ट अतिथियों एवं कार्यक्रम में सम्मिलित सभी सदस्यों द्वारा संयम, तप, त्याग की अनुमोदना में दोनो त्यागियों का तिलक, माल्यार्पण, दुपट्टा, शाल एवं साफा पहना कर हार्दिक अभिवादन किया गया ।

सभा में भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा, बैंक ऑफ इंडिया, आरएमजीबी, पीएनबी आदि बैंको के सेवा निवृत एवं कार्यरत तथा दिगंबर एवं श्वेतांबर वर्ग से अजीत जैन, सुरेश जैन, विमल जैन, राजेंद्र पापदीवाल, कमल जैन सेवा वाले, राजेश कुमार, कमल कुमार, नवीन गंगवाल, नरेंद्र सेठी, दिनेश जैन, राजीव पांड्या, सुभाष जैन, धन कुमार जैन, मुकेश जैन, धनु जैन, सुशील जैन, कृष्ण कुमार अजमेरा, जितेंद्र जैन, सुरेश। जैन, ललित जैन, अजय पांड्या, अनिल छाबड़ा, आनंद प्रकाश, राजेश जैन, राकेश पांड्या, अजीत जैन, नवल किशोर जैन, निहाल जैन, अनिल जैन, जेके जैन कालाडेरा आदि 50 से अधिक जैन बैंकर्स ने भाग लिया । अंत में कार्याध्यक्ष पदम बिलाला ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेख बताई एवं सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में सभी ने खोपरा मिश्री के सेवन के साथ सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया गया ।
टीम अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर।

## Gurgaon Unit: 14.10.2023

कल दिनांक 13-10-23 को पाठशाला प्रणेता मुनि श्री 108अनुमान सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में *प्रथम बार Jain Bankers सहपरिवार के द्वारा श्री सम्मेद शिखर जी की 24 टोंक के अर्घ चतुर्दशी के दिन चढ़ाये। ये कार्यक्रम गुड़गांव से सभी जैन बैंकर्स के आने से पूर्ण हुआ। मुनि सेवा समिति के सभी सदस्यों का यह कार्य क्रम आयोजित करने के लिए हम तहे दिल से धन्यवाद करते है।

## Gurgaon Unit: 14.10.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 117 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।
राजेश जैन, सचिव

## Agra Unit: 14.10.2023

जैन बैंकर्स फोरम आगरा द्वारा 14.10.23 को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर शालीमार कमला नगर आगरा में मेधावी छात्र सम्मान, वृद्ध सम्मान व क्षमा वाणी कार्यक्रम मनाया गया.

## ABJBF Central Unit: 15.10.2023

**15 अक्टूबर को हुई एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग की मिनिट्स**

आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को एक ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव कमिटी की कार्य कारिणी की मीटिंग दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक हुई, जिसमें 23 एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने सहभागिता की।

- मीटिंग की शुरुआत नौ बार णमोकार मंत्र के उच्चारण से हुई। सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महामंत्री ने सभी पार्टिसिपेंट्स का स्वागत किया।
- सबसे पहले राष्ट्रीय महामंत्री ने फंड्स की पोजीशन के बारे में पार्टिसिपेंट्स को अवगत कराया और आग्रह किया कि जिन सदस्यों ने अभी तक वन टाइम सब्सक्रिप्शन या जिन यूनिट ने 50% ऑफ मेंबर्स एनुअल सब्सक्रिप्शन केंद्र को नहीं भेजा है, वह आगामी 28 अक्टूबर को होने वाले अधिवेशन से पहले यह राशि प्रेषित कर दे।
- जयपुर यूनिट के श्री भागचंद जी जैन द्वारा यह सुझाव दिया गया की सब्सक्रिप्शन भेजे जाने के लिए एक अधिकतम राशि निश्चित कर दी जाए। इस पर राष्ट्रीय संरक्षक श्री के के जैन जी द्वारा बताया गया कि यह प्रस्ताव आपने गाजियाबाद में हुई साधारण सभा में भी रखा था, परंतु सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि सब्सक्रिप्शन राशि की कोई अधिकतम सीमा निश्चित नहीं की जा सकती है। सदस्यता शुल्क शाखा की सदस्यता के आधार पर ही रहेगा।
- जयपुर के श्री भागचंद ने यह भी प्रस्ताव रखा कि क्या कोई यूनिट अपने स्थानीय स्तर पर अपनी शाखा के संविधान का अलग से रजिस्ट्रेशन करा सकती है, इस पर मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा एक मत से यह कहा गया कि संविधान केवल केंद्रीय कमेटी द्वारा पारित किया जा गया ही माना जाएगा कोई यूनिट अपने स्तर पर संविधान का रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकती है।
- इसके बाद महामंत्री ने फोरम के रजिस्ट्रेशन में हुई प्रगति से अवगत कराया। हरियाणा में हमें फोरम के वर्तमान नाम का अप्रूवल नहीं मिला है, अतः अब गाजियाबाद यूपी में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए फोरम के बायलाज में एक संशोधन भी पारित हुआ कि फोरम का पता राष्ट्रीय अध्यक्ष अथवा राष्ट्रीय महासचिव का पता होगा जब तक फार्म का अपना कोई स्थाई पता नहीं बन जाता।
- अंत में सभी सदस्यों से आग्रह किया गया की मुरैना अधिवेशन में भाग लेने वाले सदस्यों की संख्या 16 अक्टूबर तक अवश्य बता दें, जिससे वहां पर रहने और खाने की समुचित व्यवस्था की जा सके।
- इस बात पर जोर दिया गया कि बायलाज के अनुसार फोरम का सदस्य वही है जो वार्षिक सब्सक्रिप्शन अपनी यूनिट को देता है और यूनिट उसका 50% केंद्र को प्रेषित करती है।
- मीटिंग का समापन गुड़गांव यूनिट के सचिव श्री राजेश जैन जो लंदन से मीटिंग में जुड़े हुए थे, उनके द्वारा धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ।

## Lalitpur Unit: 16.10.2023

श्री दिगंबर जैन समाज ललितपुर के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉक्टर अक्षय जैन तरैया,महामंत्री पद पर आकाश जैन भारत गैस, एवं संयोजक पद पर सनत जैन खजुरिया भारी बहुमत से विजई घोषित किए गए।सम्पूर्ण समाज में चारों ओर हर्ष व्याप्त है।तीनो विजयी प्रत्याशियों का सभी जगह भव्य स्वागत किया गया।

## ABJBF Central Unit: 21.10.2023

सौरभ सागर सेवा संस्थान व जीवन आशा परिवार समागम की सभा में श्री वीके जैन सचिव गाजियाबाद यूनिट का जयपुर में सौरभ सेवा ट्रस्ट के द्वारा सम्मान किया गया. इसी सभा में जैन बैंकर श्रीमान निर्मल जी पाटोदी जयपुर का सौरभ सेवा ट्रस्ट का ट्रस्टी (Rs 5.51 लाख ) बनने पर सम्मान किया गया .

## Gurgaon Unit: 23.10.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 118 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 27.10.2023

गुरुग्राम इकाई के श्री पवन जैन को श्री ज्ञान तीर्थ क्षेत्र पर संध्या आरती पूज्य अनीता दीदी के सान्निध्य में करने का सौभाग्य मिला.. आज चतुर्दशी को श्री ज्ञान तीर्थ क्षेत्र पर सामूहिक भक्तामर पाठ करने का सौभाग्य भी उनको मिला...इस अवसर पर अधिवेशन में पधारे सभी महानुभाव उपस्थित रहे...

## Gurgaon Unit: 28.10.2023

आज ज्ञान तीर्थ मोरेना मे श्री जी को शांति धारा हेतु स्थापित करने एवं शांति धारा करने का सोभाग्य श्री पवन जैन गुड़गांव एवं श्री महेश सिंघल जी गुड़गांव को प्राप्त हुआ।

## ABJBF Central Unit: 29.10.2023

29 अक्टूबर को आगरा में आचार्य ज्ञान सागर अखिल भारतीय जैन छात्र/छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह व कैरिअर कौन्सिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया और जैन बैंकर फॉर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन का इस कार्यक्रम में सम्मान किया गया यह हम सबके लिए गौरव की बात है।

## Gurgaon Unit: 02.11.2023

श्रमण संस्कृति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में श्रीमती प्रभा रानी जैन, प्रथम पुरुस्कार विजेता, हमारे गुरुग्राम यूनिट की सदस्य हैं, जो केनारा बैंक से सेवनिवृत हैं.. प्रतियोगिता में 100 अंक प्राप्त करने वाले 118 विजेताओं में ड्रा के माध्यम से इनको विजेता घोषित किया गया, बहुत बहुत बधाई 💐💐 पवन कुमार जैन, गुरुग्राम यूनिट.

## THA Ghaziabad Unit: 05.11.2023

**अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ओर से बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन**

आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा एवं गुरुग्राम शाखा द्वारा संयुक्त रूप से बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें दोनों शाखों से लगभग 25 सदस्यों ने भाग लिया । साथ ही ऋषभ विहार जैन समाज के बड़ी संख्या में सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया । सभा का आरंभ भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रजनन के साथ किया गया जिसमें जैन बैंकर की दोनों की ही शाखों के सदस्यों एवं पदाधिकारी द्वारा सहभागिता की । फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक श्री जे के जैन एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं गुरुग्राम शाखा के संरक्षक श्री सोम प्रकाश जैन जी द्वारा आचार्य श्री को शास्त्र भेंट किया गया । इस कार्यक्रम में बैंकों की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई । श्री सुखसागर जी जैन रिटायर सहायक महाप्रबंधक स्टेट बैंक द्वारा व्यावसायिक ऋण के संबंध में, श्री अंकित जैन जी सहायक वाइस प्रेसिडेंट बर्कले बैंक द्वारा टेक्नोलॉजी, इंटरनेट बैंकिंग एवं साइबर क्राइम के संबंध में, श्री अंकुर जैन शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक द्वारा शिक्षा ऋण एवं हाउसिंग लोन के संबंध में एवं श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष जैन बैंकर फोरम एवं रिटायर्ड मुख्य प्रबंधक के द्वारा मृतक खाते (डिसीजअकाउंट) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । इस अवसर पर उपस्थित समाज के सदस्यों के द्वारा बैंकिंग संबंधी अनेक समस्याएं उठाई गई एवं उनका यथासंभव समाधान किए जाने का प्रयास वक्ताओं द्वारा किया गया । कुछ समस्याएं जिनका त्वरित समाधान हो पाना संभव नहीं था उनके लिए उन्होंने आश्वासन दिया कि हम इन समस्याओं का संबंधित बैंकों की शाखाओ से संपर्क स्थापित कर शीघ्र समाधान करने का प्रयास करेंगे । आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज द्वारा अपने प्रवचनों के माध्यम से इस प्रकार के आयोजनों को एक सार्थक प्रयास बताया एवं समाज से इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आह्वान किया । उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न मंदिरों में इस संबंध में एक पोस्टर या बैनर लग जाए जिसमें बैंक के संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर दिए हो ताकि समाज के व्यक्ति उनसे संपर्क स्थापित कर अपनी समस्याओं को समाधान कर सकें । इस संगोष्ठी को सफलतापूर्वक आयोजित

कराने के लिए ऋषभ विहार जैन समाज के chairman श्री विजय कुमार जी जैन अध्यक्ष श्री सुनील कुमार जी जैन एवं मंत्री श्री मनोज कुमार जी जैन एवं समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष जैन बैंकर फोरम द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जेके जैन | विशाल चंद जैन | अंकित जैन | अभिषेक जैन | निर्मल कुमार जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | अध्यक्ष | सचिन | कार्यकारी अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 06.11.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 120 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 13.11.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 12/11/23, कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 04.00 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 121 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## ABJBF Central Unit: 14.11.2023

आज आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जिनका चातुर्मास बड़ोत नगरी में चल रहा है वहां उनके दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, साथ ही आचार्य श्री के मंच के माध्यम से हमारे द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की गतिविधियों के बारे में एवं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हमें यह बताते हुए भी प्रसन्नता है कि आचार्य श्री के द्वारा आज अपने प्रवचनों के दौरान दो बार हमारा नाम लिया गया एवं ट्रस्ट एवं जैन बैंकर फोरम द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं इसके लिए दोनों संस्थाओं के सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## Baran Unit: 15.11.2023

आज दिनांक 15.11.2023 को सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के समाधि स्थल बारां पर बारां इकाई के अध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद जी जैन तथा सकल दिगम्बर जैन समाज,बारां के तत्वावधान में आयोजित विनियांजली समारोह में कोटा इकाई के अध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द जी जैन ठोरा सचिव महावीर कुमार जैन,उपाध्यक्ष श्री विजय शंकर जैन ने आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षालन, पूजन तथा आरती करने का सौभाग्य प्राप्त किया।आचार्य श्री के तृतीय समाधि दिवस पर विनियांजलि अर्पित की।

महावीर कुमार जैन, सचिव

आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के चतुर्थ समाधि दिवस पर समाधि स्थल बारां में बारां यूनिट एवं कोटा यूनिट के सदस्यों द्वारा चरणों का प्रक्षालन एवं पूजा व आरती की गई। आचार्य श्री द्वारा अपनी वाणी से ट्रस्ट एवं जैन बैंकर के फॉर्म की प्रशंसा करना हम सभी के लिए गर्व की बात है जिसके लिए तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

| | |
|---|---|
| जेके जैन | सोम प्रकाश जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव |

## THA Ghaziabad Unit: 16.11.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर आज 16 नवंबर 2023 को शाम 7:00 बजे भक्तांमर दीप महाअर्चना पाठ श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका सेक्टर 3 वैशाली गाजियाबाद में आयोजित किया गया जिसमें शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन एवं श्री केवीएस जैन कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन सचिव श्री अंकित जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बी एस जैन एवं श्री सुख सागर जैन श्री मयंक जैन श्री अतुल जैन श्री अभिक जैन आदि ने परिवार सदस्यों के साथ भाग लिया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में वर्धमान वुमन क्लब की सदस्याएं एवं समाज के कुछ सदस्यों ने भी सपरिवार भाग लिया। दीप महाअर्चना के बाद सामूहिक आरती भी की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Muzaffarnagar Unit: 18.11.2023

परम पूज्य सराकोध्दारक ष्षटम पट्टाचार्य 108 आचार्य श्री ज्ञानसागर जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट के द्वारा प्राइमरी स्कूल नई मंडी में बच्चों को क्लास में बैठने के लिए स्टील की 12 बैंच/डैस्क भेंट की गई तथा बच्चों को टीचिंग स्टाफ को तथा कर्मचारियों को लड्डू खिला करके मुंह मीठा कराया गया तथा भविष्य में कॉपी पेंसिल वगैरह की जरूरत को पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया।

प्रवीण कुमार जैन वाई. के.जैन
अध्यक्ष सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 19.11.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली गाजियाबाद में आज दिनांक 19 नवंबर 2023 को आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज या भगवान महावीर के जीवन पर आधारित ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के मध्य दो वर्गों में रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में भाग लेते समय बच्चों का उत्साह देखते बनता था l कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज जी के चित्र का अनावरण करके एवं उनके चित्र के आगे दीप प्रज्वलन करके किया गया l कुमारी अनन्या जैन सुपुत्री CA अदीप जैन द्वारा एक बहुत ही सुंदर भक्ति गीत के माध्यम से मंगलाचरण का पाठ किया l साथ ही कार्यक्रम के बीच में कुमारी एनिमा जैन सुपुत्री श्री मयंक जैन द्वारा एक बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की l

ड्राइंग प्रतियोगिता में कल 33 बच्चों ने भाग लिया प्रथम वर्ग 6 वर्ष से 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों के मध्य

1. कुमारी संवि जैन 6 वर्ष- प्रथम पुरस्कार
2. मास्टर गर्वित जैन 8 वर्ष- द्वितीय पुरस्कार
3. कुमारी लावण्या जैन 6 वर्ष - तृतीय पुरस्कार

द्वितीय वर्ग 11 वर्ष से 16 वर्ष की आयु वर्ग

1. कुमारी चारवि जैन 11 वर्ष -प्रथम पुरस्कार
2. कुमारी रिद्धि जैन 13 वर्ष -द्वितीय पुरस्कार
3. कुमारी अनुषा जैन 16 वर्ष - तृतीय पुरस्कार

भाषण प्रतियोगिता में 10 बच्चों ने भाग लिया जिसमें प्रथम वर्ग 6 वर्ष से 10 वर्ष की आयु वर्ग में
मास्टर देवांश जैन सुपुत्र श्री मनोज जैन 10 वर्ष को प्रथम पुरस्कार
द्वितीय आयु वर्ग 11 वर्ष से 16 वर्ष के अंतर्गत
मास्टर आरव जैन सुपुत्र श्रीमती मोनिका जैन 13 वर्ष को प्रथम पुरस्कार

प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों के अतिरिक्त भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वाना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया l

ड्राइंग प्रतियोगिता में जज के रूप में श्रीमती अनीता जैन श्रीमती पूनम गुप्ता एवं श्रीमती........ जो सभी ड्राइंग की टीचर रह चुकी हैं द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया एवं भाषण प्रतियोगिता में श्रीमती वंदना जैन श्रीमती अनीता जैन एवं श्रीमती...... द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया l

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा बताया गया कि ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों की प्रविष्टियां केंद्रीय कार्यालय को प्रेषित की जाएगी एवं वहां अन्य शाखों से प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों को केंद्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा l साथ ही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आए बच्चों को निकट भविष्य में केंद्रीय स्तर पर होने वाले वार्षिक अधिवेशन में आमंत्रित किया जाएगा एवं अन्य शाखों से आए ऐसे सभी बच्चों के मध्य केंद्रीय स्तर पर एक प्रतियोगिता कराई जाएगी एवं जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा l

कार्यक्रम के अंतर्गत वैशाली क्षेत्र की वर्धमान वूमेन मंडल की संचालिका श्रीमती शुची जैन एवं उनकी सदस्याओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया l उनके इस सहयोग के लिए मंडल की सदस्याओं को सम्मानित किया गया l

इस अवसर पर यद्यपि वैशाली जैन समाज के अध्यक्ष श्री महिम जैन अस्वस्थता के कारण अपनी उपस्थिति नहीं दे पाए परंतु मंच के माध्यम से उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया l

अंत में अल्पाहार के साथ सभा का समापन किया गया l

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 21.11.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 20/11/23, अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 122 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 27.11.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 26/11/23, चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 123 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की।इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 27.11.2023

ललितपुर में वार्षिक विमानोत्सव में जैन बैंकर्स ललितपुर यूनिट द्वारा विशेष सहभागिता की गई.

## Agra Unit: 29.11.2023

आज दि.29.11.23 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ,आगरा के सदस्यों ने गांव सपेरा, अरतोनी जाकर कंबल तथा अन्य गर्म कपड़ों का वितरण किया इन कपड़ों में स्वेटर ,शॉल,कार्डिगन ,मफलर, कोट, कैप, बच्चों के कपड़े , रजाई, जैकेट ,पेन्ट, जीन्स ,कमीज आदि शामिल हैं इस अवसर पर श्री राजीव जैन, महेश जैन,जे बी जैन, अवधेश जैन,सिद्धार्थ जैन,सत्येंद्र जैन,के के जैन,प्रदीप जैन,दीपक जैन, अवनि जैन ,रमेश चंद जैन आदि उपस्थित थे जिन्होंने वितरण में सहयोग किया ।

जे बी जैन, मंत्री

## Gurgaon Unit: 06.12.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 05.12.2023 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 124 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की।इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Ghaziabad Unit: 09.12.2023

We feel pleasure to inform you that today 9.12.23 Saturday our unit has distributed tea, snacks, clothes, woollen sweater and Jersey at Ashray sthal, Nasirpur railway crossing Ghaziabad to the labours. Approximate 150 labours was present at the ashray sthal. We are thankful to our members for their cooperation in this noble cause.

S.K.Jain, President V.K.Jain, Secretary

## Agra Unit: 14.12.2023

**रिपोर्ट कला एवं भाषण प्रतियोगिता**

दिनांक 10.12.2023, को आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी के समाधिस्थ होने के तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा ने निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ,श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर,सेक्टर 7,आवास विकास कालोनी, सिकंदरा के प्रांगण एवम मंदिर जी में किया :-

कला प्रतियोगिता

भाषण प्रतियोगिता

सर्व प्रथम दीप प्रज्जवलन रा. संरक्षक श्री अरुण रपरिया, रा.उपाध्यक्ष श्री अवनि जैन, धार्मिक विद्वान श्री अरुण कुमार जैन, राजेश जैन बेनारा, मुख्य अतिथि , अध्यक्ष राजीव जैन ने किया । इसके पश्चात सभी अतिथियों राजेश जैन ,दिलीप जैन,अरुण जैन, Smt.रचना जैन राजेश जैन,कौमी जैन का राजीव जैन, शशि जैन ने माला,पटका पहनाकर स्वागत किया गया । मंगलाचरण श्री के के.जैन ने किया । इस प्रतियोगिता में करीब 90 नाम रजिस्टर हुए जिसमे से कुल 77 बच्चों ने भाग लिया :-

ड्राइंग में 60

भाषण 17

कुल 77

ड्राइंग प्रतियोगिता में परिणाम इस प्रकार रहा:-
जूनियर वर्ग (उम्र 6 से 10 वर्ष )
प्रथम: काव्यांशी जैन d/o श्री विशाल जैन, वर्ष 9, सेक्टर 9 आ. वि.कॉलोनी
द्वितीय: आध्या जैन d/o श्री प्रशांत जैन,9yr. वी एस प्लाजा,सेक्टर 3
सीनियर वर्ग ( उम्र 11से 16वर्ष )
प्रथम: प्रांजल जैन s/o श्री विनकी जैन। 16वर्ष 9/165,जती कटरा,मोती कटरा
द्वितीय: प्रियल जैन। D/o श्री संदेश जैन 12 वर्ष सेक्टर 4 B, आ.वि.colony
भाषण प्रतियोगिता में परिणाम निम्न प्रकार रहा :
जूनियर वर्ग :
प्रथम: भव्य जैन पुत्र श्री शोभित जैन 9वर्ष, sec 6 E/23 आवास विकास कॉलोनी,सिकंदरा,आगरा
द्वितीय:द्विज जैन पुत्र श्री संदेश जैन। 13वर्ष 4B 227 आ. वि.
सीनियर वर्ग:
काव्या जैन पुत्री श्री दीपेश जैन, सेक्टर 6
ऋषभ जैन पुत्र श्री सुदीप जैन 6/9,लालबाग कॉलोनी, आ. वि.कॉलोनी
प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार दोनो वर्गो के विजेताओं को दोनो प्रतियोगिता में दिए गए l शेष सहभागिता करने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए l
इस अवसर पर अरुण रपरिया राष्ट्रीय संरक्षक ने बैंकर्स फोरम के उद्देश्य,कार्यों के बारे में बताया l श्री अवनि जैन ने भी अपने विचार प्रकट किए l इस अवसर पर समयसार के बारे में श्री गणतंत्र जैन के दोनो बच्चे मार्मिक जैन एवं अंतरा जैन ने धारा प्रवाह प्राकृत भाषा में गान किया l जो बहुत सराहनीय था l बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी अच्छी संख्या में मौजूद थेl आचार्य ज्ञान सागर जी, तीर्थंकर आदिनाथ जी के बारे में जीवन परिचय के बारे में बच्चों ने अच्छी तैयारी के साथ अपनी प्रस्तुति दी l सभी उपस्थित लोगों ने ज्ञान की गंगा में डुबकियां लगाई l
इस कार्यक्रम के संयोजक श्री महेश जैन एवम् श्री सत्येंद्र जैन , यतेंद्र जैन,कोमी जैन ,निधि जैन ने ड्राइंग प्रतियोगिता की व्यवस्था देखी l l अशोक जैन, ललित जैन,आजाद जैन,इंदिरा जैन ने भी अपना भरपूर सहयोग व्यवस्था संभालने में दिया l अवधेश जैन, रमेश चंद जैन, कोषाध्यक्ष एवम यतेंद्र जैन,शशि जैन, कमलेश जैन ने स्वल्पाहार एवं पुरस्कार बंटवाने में अपना सहयोग दिया l सभी उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार दिया गया l
निर्णायक मंडल में श्री अरुण रपरिया,रचना जैन, के के जैन ने अपना सहयोग दिया. अंत में अध्यक्ष श्री राजीव जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया l संचालन मंत्री श्री जे बी जैन ने किया l
जे बी जैन, मंत्री

## Gurgaon Unit: 16.12.2023

दिनांक 01/12/23 को धार्मिक प्रश्नोत्तरी संख्या 11 आयोजित की गई जिसमें फोरम के कई सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। परिणाम 10/12/2023 को घोषित किए गए तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में सहभागिता निभाने वाले प्रत्येक प्रतिभागी की हृदय से अनुमोदना की गई।
राजेश जैन, सचिव

## Ujjain Unit: 19.12.2023

दिनांक 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक उज्जैन में श्रीमद् जैनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 108 मुनि श्री सुप्रभ सागर जी श्री प्रणत सागर जी का सानिध्य प्राप्त हुआ जैन बैंकर्स यूनिट उज्जैन के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार जैन एसबीआई ने संभव नाथ भगवान की प्रतिमा मंदिर में विराजमान की एवं सहविधि नायक की महिती भूमिका निभाई इसी प्रकार सचिव श्री विमलेश जैन ने उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाई कोषाध्यक्ष श्री हीरालाल बिलाला ने इंद्र की भूमिका में अपने को सुशोभित किया सक्रिय सदस्य श्री राजेश पटौदी ने कार्यालय के मुख्य पदाधिकारी की भूमिका निभाई अन्य सदस्यों ने भी इस पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में अपना सक्रिय योगदान दिया।

## Gurgaon Unit: 21.12.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 20.12.2023 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 126 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## Bhopal Unit: 21.12.2023

सु श्री याशी जैन द्वारा प्राप्त उपलब्धियां निम्न वर्णित है, उन्होंने एवरेस्ट पर प्रथम बार जैन धवज  फहराया था, याशी के पिता पंजाब नैशनल बैंक में कार्यरत है, उनके द्वारा किए कार्यों हेतु  सरकार द्वारा कोई  वित्त सहायता नहीं मिलती इस कारण जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के निम्न सदस्यों द्वारा प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है,

सर्व श्री डी के जैन वास्तुविद Rs 5000

श्री राजेंद्र मीनाक्षी जैन RS 5000

उपरोक्त राशि उन्हें कुराना जी में आयोजित दिनांक 24/12 को आयोजित कार्यक्रम में प्रदान की जावेगी.

**"पर्वतारोही याशी जैन**

**अचीवमेंट**

**एशिया बुक ऑफ रिकार्ड मे नाम शामिल, पहली जैन पर्वतारोही बिटिआ**

**विश्व की पहली जैन बिटिआ जिसने चार महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटी को फतह करके तिरंगा संग जैन ध्वजा और बेटी बचाओ का परचम फहराया और भारत की सबसे कम उम्र की बिटिआ जिसने माऊंट एवरेस्ट ( विश्व का सबसे ऊंचा पीक )  के साथ 26 घन्टे मे माऊंट लोत्से ( विश्व का चौथा सबसे ऊंचा पीक ) फतह किया।**

**•  माउंट एवरेस्ट ( विश्व का सबसे ऊँचा ) फतह  17 मई और माऊंट लोत्से ( विश्व का चौथा सबसे ऊँचा ) 18 मई 2023 , मात्र 26 घंटो मे**

**• 14 फरवरी, 2023 (दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी) पर माउंट अकंकागुआ (6961 मी) पर फतह**

**• 2 अक्टूबर, 2022 को माउंट किलिमंजारो(5896 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। (अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी**

**• माउंट एल्ब्रस (5642 मी, यूरोप की सबसे ऊंची चोटी) 2019**

**• वीरांगना पुरस्कार (पर्वतारोहण और महिला सशक्तिकरण में अनुकरणीय कार्य), माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा प्रदान किया गया**

**- यूवा कल्याण व खेल मंत्री द्वारा प्रशस्तिपत्र**

**राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग में स्वर्ण पदक विजेता प्रतियोगिता 2018"**

## Bhopal Unit: 21.12.2023

Jain बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी मंदिरों के मालियों, पुजारियों, चौकीदार एवम अन्य स्टाफ हेतु कंबल वितरण का कार्य 100 वर्ष से भी प्राचीन चौक जैन मंदिर, जो की पुराने शहर में स्थित है एवम जैन समाज का छेत्र में बहुतायत है प्रदान किए गए उस अवसर पर भोपाल पंचायत समिति के अध्यक्ष एवम अन्य पदाधिकारी भी उपाष्ठित थे, सभी ने फोरम की सोच एवम कार्य की प्रसंशा की. कंबल वितरण लालघाटी जैन मंदिर. श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर भोपाल, यह भी पुराने भोपाल का लगभग 100 वर्ष प्राचीन मंदिर , मंदिर के अध्यक्ष, एवम अखिल भारतीय वैश्य समाज के महामंत्री भी साथ थे.

## Lalitpur Unit: 24.12.2023

**जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर द्वारा स्कूलों में स्वेटर एवं गरम वस्त्र  एवम मौजा वितरण कार्यक्रम संपन्न ।**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के सौजन्य से प्रथम चरण में श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल में  जरूरत मंद छात्र छात्राओं को ड्रेस के स्वेटर,मौजा एवं गरम वस्त्र वितरित किये गये। संस्था के अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया ने बताया कि जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर जन सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणीय भूमिका का निर्वहन करती है एवं प्रति वर्ष ठंड के मौसम में जरूरत मंदो को कंबल एवं गरम वस्त्रों को वितरित करती है।स्कूल की प्रधानाचार्या ने जैन बैंकर्स फोरम के कार्य की सराहना करते हुए बताया कि उनके स्कूल में काफी निर्धन एवं जरूरत मंद बच्चे है जिन्हें इस प्रकार के मदद की आवश्यकता रहती है।यह संस्था प्रति वर्ष कुछ छात्रों को फीस भी प्रदान करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व श्री सनत जैन खजुरिया, गौरव जैन,राज कुमार सराफ,महिपाल जैन,चंद्र कुमार जैन,सुरेन्द्र सिंघई,केवल चंद्र जैन,चंद्र कुमार जैन,प्रतीक जैन आशीष जैन के साथ स्कूल की प्रधानाचार्या श्री मति रश्मि बुंदेला,स्नेह लता आचार्य , रतन परमार,हिमानी,कल्पना,सोनम,निशिता,भारती,मुस्कान,प्रगति ,परमानंद के साथ स्कूल का समस्त स्टाफ भी रहा।

## Muzaffarnagar Unit: 25.12.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट द्वारा "प्राइमरी स्कूल पुलिस स्टेशन  के सामने नई मंडी मुजफ्फरनगर " को दिनांक  17 /11/ 2023 को बच्चों के बैठने हेतु 12 स्टील की टेबल एवम बेंचेज (कीमत लगभग, 34000/-) भेंट की गई। इस अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम के सम्मानित सदस्य श्री राजेंद्र कुमार जैन,श्री वाई. के जैन,श्री विमल प्रकाश जैन,श्री अशोक कुमार जैन,श्री जवाहर लाल जैन, श्री अरविंद जैन एवम प्रवीण कुमार जैन उपस्थित रहे। श्रीमती निशा जैन (PNB) ने कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लिया। स्कूल के सभी students, Teachers , staff members एवम उपस्थित जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों को मिष्ठान खिलाकर कार्यक्रम संपन्न किया गया ।

| | |
|---|---|
| प्रवीण कुमार जैन | वाई .के .जैन |
| अध्यक्ष | सचिव |

## Agra Unit: 25.12.2023

आज दिनांक 25 दिसंबर 2023 को जैन बैंकर्स फोरम, आगरा के सदस्यों ने PFA(People for Animals) दयाल बाग जाकर बीमार, बेसहारा, आवारा जानवरों, पक्षियों जैसे कुत्ते, सुअर, बिल्ली,गाय, गधा ,घोड़ा,बंदर  आदि के इलाज एवम भरण पोषण के लिए Rs 5000/ की नकद राशि वहां के मैनेजर को प्रदान की l वहां का प्रबंध देखकर सभी सदस्य बहुत प्रभावित हुए।

इस अवसर पर श्री राहुलेंद्र चंद्र जैन ,राकेश जैन, राजीव जैन, अवधेश जैन, महेश जैन एवं जे बी जैन  उपस्थित थे l

राजीव जैन,अध्यक्ष                                                                                                    जे बी जैन, मंत्री

## Muzaffarnagar Unit: 26.12.2023

आप सभी को सूचित करना है कि "अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट " की एक आम सभा आज दिनांक 25/12/2023 ,दिन सोमवार को दोपहर 11.00 बजे  पंजाब नेशनल बैंक के यूनियन ऑफिस ,रामलीला ग्राउंड के सामने आहूत की गई l जिसमे णमोकार महामंत्र के उपरांत पिछली मीटिंग मे लिए गए निर्णयो के अनुरूप् किये गए कार्यो  की जानकारी दी गई। साथ ही आगामी activities, विशेषकर  नववर्ष  2024 के प्रथम माह,  प्रथम सप्ताह मे सर्दी को ध्यान मे रखते हुए  आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 150 परिवारों को कम्बल वितरण करने के लिए विचार विमर्श के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि उक्त कार्यक्रम के स्थान पर श्री हस्तिनापुर तीर्थ क्षेत्र पर चल रहे गुरुकुल के छात्रो एवं् कर्मचारीगण को  लगभग 100 कम्बल वितरण आने वाले रविवार दिनांक,31.12.23 को केवल सदस्यों के सहयोग से ही किया जाए.सभा में उपस्थित सभी निम्न सदस्यों ने अपनी इक्छानुसार आर्थिक सहयोग देने के लिए सहमति/धनराशि प्रदान की है :-

1. श्री राजीव जैन जी
2. श्री सुबोध कुमार जैन जी
3. श्री राजेंद्र कुमार जैन जी
4. श्री हर्ष कुमार जैन जी
5. श्री जवाहर लाल जैन जी
6.श्री विमल प्रकाश जैन जी
7. श्री अनिल जैन जी
8. श्री आदीश जैन जी
9. श्री वाई.के.जैन जी
10. श्री अरविंद कुमार जैन जी
11. प्रवीण कुमार जैन

शेष सदस्यों से भी इस कार्यक्रम में अपनी स्वेक्छा से आर्थिक सहयोग एवं् सहभागिता करने की अपेक्षा की जाती है l

सभी सदस्य अपनी अपनी यात्रा व्यवस्था से दिनांक 31.12.23 को प्रातः,10.00 बजे मुज़फ़रनगर से हस्तिनापुर प्रस्थान  एवम 11.30 बजे उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु गुरुकुल, हस्तिनापुर प्रांगण में  सादर आमंत्रित हैं . कृपया अपनी सहयोग राशि (न्युनतम₹1000/-) की स्वीकरति एवम भाग लेने हेतु अपने नाम ग्रुप में 28.12.2023 तक सूचित कर दे ताकि मन्दिर कमेटी को दोपहर के भोजन की व्यवस्था करने के लिए सूचित करना संभव हो सकें lउक्त मीटिंग के प्रारंभ में  सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा हमारे कोषाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार जैन जी को उनके जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी गई एवम श्री राजीव कुमार जैन,patron, प्रवीण कुमार जैन अध्यक्ष एवम श्री वाई के जैन, सचिव के द्वारा उन्हे एक नन्हा पौधा (sappling) भेंट किया गया। इस अवसर पर धन्यवाद स्वरूप, श्री अरविंद जैन जी द्वारा सभी सदस्यों को सूक्षम जलपान कराया गया।

प्रवीण कुमार जैन                                                                                                    वाई.के. जैन
अध्यक्ष                                                                                                    सचिव

## Bhopal Unit: 26.12.2023

अखिल भारतीय Jain बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा प्रसिद्ध प्रवतारोही याशी जैन का सम्मान किया गया साथ ही शहर की 10 प्रमुख बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया. राशि जैन को फोरम की और से 11000 की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई, साथ ही अनुशासनोदय जैन परिवर्रो की मदद करने वाली संस्था को 4000 की राशि प्रदान की गई. कार्यक्रम में लगभग 40 सदस्यों ने परिवार सहित भाग लिया.सभी ने साथ में लंच भी लिया.

## Gurgaon Unit: 26.12.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 26.12.2023 चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 127 वाँ कार्यक्रम का आरंभ  मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी।  कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 27.12.2023

दिनांक 16/12/23 को धार्मिक प्रश्नोत्तरी संख्या 12 आयोजित की गई। जिसमें फोरम के कई सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के लिए प्रश्नपत्र हम सदस्यों में से ही कोई एक तैयार करता है। जिससे प्रतिभागियों को उत्तर देने हेतु अध्ययन करने से पहले प्रश्नकर्ता स्वयं को अध्ययन करना होता है. इस प्रतियोगिता के परिणाम 24/12/2023 को घोषित किए गए तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में प्रश्नपत्र बनाने वाले एवं सहभागिता निभाने वाले प्रत्येक प्रतिभागी की हृदय से अनुमोदना की गई। अगली 13 वीं प्रश्नोत्तरी 01/01/2024 को प्रकाशित होने की पूर्ण संभावना है.
सचिव

## Gurgaon Unit: 27.12.2023

दिनांक 27/12/2023 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव के तत्वाधान में बेहरामपुर, गुड़गांव स्थित कैप्टन चंदरलाल स्पेशल मिडिल स्कूल फॉर द ब्लाइंड को फोरम सदस्यों द्वारा विजिट किया, जहां संस्था में पिछले 33 वर्ष से कार्यरत, एडमिन एवं अकाउंट्स ऑफिसर, श्री संजीव आनन्द जी ने संस्था के कार्यकलाप तथा संचालन के विषय में फोरम के सदस्यों को अवगत कराया, तथा पूरे स्कूल का निरीक्षण कराया। उन्होंने बताया कि संस्था में 120 बच्चे शिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जो पूर्णतया दृष्टि विहीन हैं। जिन्हें 11 शिक्षक अध्यापन कार्य कराते हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि इन 11 शिक्षकों में से 7 शिक्षक दृष्टि बाधित (Visually impaired) हैं। इस संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अद्भुत दृश्य को देख कर सभी सदस्यों का हृदय करुणा से भर गया। प्रभु की इन अनुपम कृतियों को देख कर सारे सदस्य भावविह्वल थे। श्री संजीव जी ने बताया कि इस संस्था के आगे से सैकड़ों लखपति और करोड़ पति गुजरते हैं मगर अन्दर सहायता के लिए वो ही आ पाते हैं जिनके पुण्य का उदय होता है। इसी पुण्योदय के प्रताप से फोरम के सदस्यों ने संस्था विजिट की और संस्था के हेड मिस्ट्रेस श्रीमति नीना रानी को निम्न सदस्यों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

| | |
|---|---|
| श्री सोम प्रकाश जैन | ₹. 8000 |
| श्री मुदित जैन | ₹. 5000/ |
| श्री पी के जैन | ₹. 5100 |
| श्री आर सी जैन | ₹. 2100 |
| श्री पवन जैन | ₹. 1100 |
| श्री राजेश जैन | ₹. 1100 |
| श्री संजीव जैन | ₹. 1100 |
| श्री डी पी जैन | ₹. 1100 |
| कुल प्रदत्त राशि | ₹. 24600 |

अन्त में संस्था में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को फोरम द्वारा दोपहर का भोजन करा कर पुण्यार्जण प्राप्त किया।
सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 31.12.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से नए वर्ष की पूर्व संध्या पर रात्रि 12:00 बजे से गुरु तेग बहादुर (GTB) हॉस्पिटल दिलशाद गार्डन दिल्ली में 65 कंबल का वितरण किया गया l कंबल अस्पताल के मरीज के साथ आए तीमारदार जो अस्पताल के विभिन्न खुले स्थानों पर गैलरी में बाहर लॉन में या पार्क में ठिठुर रहे थे वहां जाकर उन्हें कंबल उढ़ाया गया l इस कार्यक्रम में GTB अस्पताल के प्रबंधक के द्वारा भी अपना मार्गदर्शन दिया एवं जैन बैंकर फोरम द्वारा किए गए इस अविस्मरणीय कार्य की अत्यंत प्रशंसा की l साथ ही कंबल का वितरण वैशाली क्षेत्र के दो मंदिर एवं वसुंधरा क्षेत्र के दो मंदिर के मालियों एवं वसुंधरा जैन मंदिर में कार्यरत अस्पताल के कर्मचारियों को भी कंबल वितरित किए गए. इतनी ठंड में इस कार्यक्रम में श्री केवीएस जैन संरक्षक श्री श्री जेके जैन संरक्षक श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष श्री बी एस जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक जैन कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिक जैन सदस्य श्री अंकित जैन सचिव एवं श्री अरुण कुमार जैन सदस्य द्वारा अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया l साथ ही इस कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग के रूप में निम्न सदस्यों द्वारा अपनी सहभागिता दी गई:

1. श्री जेके जैन- Rs.1600/-
2. श्री अभिषेक जैन- Rs.1600/-
3. श्री विशाल चंद जैन- Rs.1100/-
4. श्री संजय जैन- Rs.1100/-
5. श्री अंकुर जैन- Rs.1100/-
6. श्री केवीएस जैन- Rs.1100/-
7. श्री विमल कांत जैन- Rs.1200/-
8. श्री अंकित जैन- Rs.1100/-
9. श्री बीएस जैन- Rs. 1600/-

10. श्री दुष्यंत जैन- Rs.2100/-
11. श्री निर्मल कुमार जैन- Rs. 1600/-
12. श्री मयंक कुमार जैन- Rs.1600/-
13. श्री सुनील कुमार जैन- Rs.1100/-

विशाल चंद जैन अभिषेक जैन अंकित जैन निर्मल कुमार जैन
अध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

## THA Ghaziabad Unit: 01.01.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारी शाखा के सहयोग से कुमारी प्रीषा जैन एवं मास्टर आदि जैन सुपुत्र एवं सुपुत्री श्री प्रशांत जैन के जैन माइनॉरिटी सर्टिफिकेट बनाने में सहयोग प्रदान किया।

विशाल चंद जैन अभिषेक जैन अंकित जैन निर्मल कुमार जैन
अध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

## Muzaffarnagar Unit: 02.01.2024

आपको यह बताते हुए हर्ष हो रहा है की यूनिट की 25/12/2023 को हुई साधारण सभा में दिनांक 31 /12/ 2023 को श्रीहस्तिनापुर गुरुकुल के 66 बच्चों एवम 20 स्टाफ सदस्यों को " कम्बल वितरण " करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए अभी तक निम्न सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया है

1. श्री राजीव जैन जी
2. प्रवीण कुमार जैन
3.श्री सुबोध जैन जी
4. श्री वाई. के. जैन
5.श्री अनिल जैन जी
6. श्री आदीश जैन जी
7.श्री अरविंद जैन जी
8.श्री राजेंद्र जैन जी"
9. श्री हर्ष जैन जी
10. श्री जवाहर लाल जैन जी
11. श्री विमल प्रकाश जैन जी

शेष सदस्य स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग कर सकते हैं।

उक्त निर्णय के अनुसार दिनांक 31.12.2023,रविवार को प्रातः10:00 बजे सदस्यों सहित,16 लोगो द्वारा मुज़फ्फरनगर से प्रस्थान कर तीर्थक्षेत्र श्रीहस्तिनापुर मन्दिर जी के दर्शन किये गए, तत्पश्चात गुरुकुल में ही भोजन के उपरांत कम्बल वितरण कार्यक्रम में सभी के द्वारा भाग लिया गया।

सर्वप्रथम गुरुकुल के छात्रों द्वारा 9 बार णमोकर महामंत्र का पाठ एवम सभी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन एवम सचिव श्री वाई के जैन ने सभी का स्वागत करते हुए जैन बैंकर्स फोरम के उद्देश्यों एवम किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी व छात्रों को प्रभु भक्ति करते हुए ,मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही उन्हे बैंक शाखा में होने वाले कार्यो की भी जानकारी दी गयी एवम् बैंक में बचत खाते खोलने के लिए कहा गया। गुरुकुल प्रबंधक श्री कैलाश चंद जैन जी ने जैन बैंकर्स फोरम, मुज़फ्फरनगर का आभार व्यक्त किया गया व सभी बच्चो के बैंक खाते खुलवाने का अस्वासन दिया गया।

तत्पस्चात् सभी ने मुनि श्री सुनील सागर जी व अन्य मुनियों के दर्शन कर प्रस्थान किया.

प्रवीण कुमार जैन वाई.के.जैन
अध्यक्ष सचिव

## Gurgaon Unit: 03.01.2024

श्रीमती प्रभा रानी जैन के द्वारा ज्ञान आरोग्य धाम बड़गांव में एक कमरे निर्माण हेतु प्रथम किस्त ₹50000 देने की बहुत-बहुत अनुमोदना। बहुत ही प्रशंसनीय और सराहनीय कार्य. श्रीमती प्रभारानी जैन केनरा बैंक से रिटायर्ड चीफ मैनेजर हैं और गुड़गांव यूनिट की सम्मानीय सदस्या हैं.

## Bhopal Unit: 04.01.2024

**जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट द्वारा बैंकिंग जागरूकता शिविर ,**

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट द्वारा अपने सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के अंतर्गत दिनाक 07.01.2024 रविवार सुबह 9बजे "बैंकिग जागरूकता शिविर" का आयोजन भगवान महावीर के 2550 निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री दिगंबर जैन धर्मशाला चौक भोपाल किया जा रहा है जिसमें बैंकिग से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा .उपरोक्त संबंध में आज पंचायत समिति के अध्यक्ष श्री मनोज बांगा एवम अन्य कमेटी मेंबर्स के साथ कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा तैयार करने हेतु एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे निम्न कार्यक्रम तय हुआ

- पंचायत कमेटी द्वारा सभी मंदिर समितियों से आने का अनुरोध किया है, साथ ही उनसे नोटिस बोर्ड पर लिखने का भी कहा गया है
- दिगंबर जैन स्कूल के छात्र और अध्यापकों को भी आमंत्रित किया गया है
- कार्यक्रम का प्रारंभ आचार्य श्री के चित्र के अनावरण से होगा
- श्री मनोज बांगा का स्वागत भाषण, एवम सम्मान कार्यक्रम
- एसबीआई एवम बैंक ऑफ इंडिया से पधारे प्रतिनिधि अपनी योजनाओं की जानकारी देंगे
- श्री अक्षय चौधरी एएसपी साइबर क्राइम शाखा का उद्बोधन
- फोरम के प्रतिनिधियों का साइबर फ्रॉड, बैंक स्कीम, शिक्षा ऋण आदि पर उद्बोधन
- आमंत्रित चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा उद्बोधन
- सवाल जवाब एवम समस्या का समाधान प्रदान किया जायेगा
- कार्यक्रम यूट्यूब पर प्रसारित होगा

अंत में फोरम द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव श्री राजेश जैन द्वारा जलपान उपरांत समापन.

## Gurgaon Unit: 05.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 04.01.2024 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 128 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Bhopal Unit: 07.01.2024

भगवान महावीर स्वामी के 2550 निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में आज पंचायत कमेटी ट्रस्ट भोपाल द्वारा एक बैंकिंग जागरूकता शिविर का आयोजन चोक धर्मशाला में किया गया जिसमे जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट के अध्यक्ष श्री अनिल जी आरबीआई एवम सचिव प्रभात जी गोयल जी कोषाध्यक्ष ताराचंद जी कार्यक्रम के सूत्रधार राजेश जी के साथ बैंक ऑफ इंडिया के एजीएम श्री अभिषेक सिन्हा एवम ब्रांच मैनेजर कुमारी शैलजा सहित अनेको जैन बैंकर्स ने उपस्थित होकर शिविर में अपनी बात रखी. इससे पूर्व ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा मंत्री मनोज आर एम कोषाध्यक्ष हुकमचंद अंकेक्छक अरविंद सीए एवम मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान महावीर स्वामी एवम आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यकर्म का शुभारंभ हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा जी एवम ट्रस्टीगन द्वारा अतिथियों का टीका माला एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा ने कहा की समाज के अनेक लोगों को बैंकिंग के क्षेत्र में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है आज आप सभी बैंकर्स के वरिष्ठ लोगों से अनेक महत्वपूर्ण जानकारी हमे मिलेगी आपके सहयोग के लिए ट्रस्ट आपका आभारी रहेगा। मंत्री मनोज आर एम ने कहा की वर्तमान में साइबर क्राइम सम्पूर्ण देश के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है इससे कैसे हम बच सकते हैं किस तरह की सावधानी बरतें की हम साइबर क्राइम से धोखा न खा सकें।*आज निश्चित हो आप विशेषज्ञों से हमरी समाज बैंकिंग जागरूकता के साथ साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी प्राप्त कर सकेगे पंचायत कमेटी ट्रस्ट इस सब के लिए आप सभी बैंकर्स का धन्यवाद .इस अवसर पर फोरम के अनिल जी आर बी आई, प्रभात गोयल ,ताराचंद जी जैन राजेश जी समेत अनेक बैंकर्स उपस्थित थे साथ ही मनोज बांगा मनोज आर एम हुकमचंद अरविंद सीए ऋषभ जी कोतवाली सतेंद्र जी गुड्डू सहित अनेक समाज जन उपस्थित थे.कार्यकर्म का संचालन प्रभात गोयल ने किया.

## THA Ghaziabad Unit: 08.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस इंडियन गाजियाबाद शाखा द्वारा परम प्रभावक आचार्य धर्म भूषण महाराज जी एवं अन्य तपसियों की जन्म भूमि अतिशय क्षेत्र करनावल जहां पार्श्वनाथ भगवान की 650 वर्ष पुरानी प्रतिमा मूल नायक के रूप में विराजमान है के के 2900 वे जन्म कल्याणक दिवस पर भव्य पालकी यात्रा समारोह पर एक बस शाखा द्वारा ले जाई गई जिसमें पांच शाखा सदस्य परिवारों ने भाग लिया एवं साथ ही वैशाली वसुंधरा एवं इंदिरापुरम समाज के लोगों ने भाग लिया इस अवसर पर हमारे संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन के परिवार को को पालकी सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर इस छोटे से गांव में पुराने समय में रहने वाले करनावल ग्राम के लगभग 300 परिवारों ने भाग लिया। पालकी यात्रा के बाद सभी चमत्कारी अतिश्यकारी चंद्रप्रभु भगवान की जिनालय बरनावा के दर्शन करने गए वहां सभी ने दर्शन एवं भगवान के मंगल आरती की एवं उसके बाद बरनावा मंदिर के 10 कर्मचारियों को कंबलों का वितरण शाखा की ओर से किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में शाखा की ओर से संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन सचिव श्री अंकित जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सदस्य श्रीमती नेहा जैन के परिवारों ने भाग लिया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 11.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक10..01.2024 चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 128 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Bhopal Unit: 14.01.2024

बैंकिंग जागरूकता शिविर एवम विभिन्न मंदिरों में लगाए गए टेलीफोन नम्बर के हैंगिंग पोस्टर्स का अच्छा रिस्पॉन्स आ रहा है, अभी तक मेरे पास 6 पूछताछ हेतु फोन आ चुके हैं जिनमे से 3 शिक्षा ऋण, 2 एटीएम एवम सीसी लिमिट हेतु जानकारी ली गई, सभी का संतोषजनक निराकरण किया गया.

प्रभात गोयल

## THA Ghaziabad Unit: 14.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस इंडियन गाजियाबाद शाखा द्वारा आज इंदिरापुरम गाजियाबाद के दो मंदिरों में अहिंसा खंड एवं नीति खंड के मंदिरों में मालियों एवं अन्य कर्मचारियों को कंबल वितरित किये l इस वितरण कार्यक्रम में शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन संरक्षक श्री केवीएस जैन अध्यक्ष श्री विशाल जैन सचिव श्री अंकित जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन ने अपनी सहभागिता दी l

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 15.01.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारी अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों के प्रयासो से निम्न बैंकिंग संबंधित समस्याओं का समाधान जो हमारी शाखा को प्राप्त हुई कराया गया :

श्रीमती विनीता जैन हल्द्वानी आइसीआइसीआइ बैंक के डेबिट कार्ड से संबंधित समस्या का समाधान- सितंबर 2023 मैं श्री विकास जैन जो आईसीआई बैंक में शाखा प्रबंधक के माध्यम से समाधान कराया गया

हमारे द्वारा ऋषभ विहार में आयोजित बैंकिंग संगोष्ठी के दौरान श्री पीके जैन ऋषभ विहार दिल्ली का 2005 से संबंधित एफडीआर के भुगतान से संबंधित समस्या का समाधान श्री एस के जैन AGM एसबीआई गाजियाबाद के माध्यम से कराया गया

इसी संगोष्ठी के माध्यम से श्री शरद जैन के द्वारा एक हाउसिंग लोन से संबंधित समस्या हमारे सामने आई जिसका समाधान श्री सुखसागर जैन AGM, एसबीआई के माध्यम से कराया गया l

श्री तरुण जैन द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के गलत खाते में पैसा ट्रांसफर करने पर श्रीमती आरूषी जैन अधिकारी बैंक ऑफ़ बरोदा के सहयोग से समाधान कराया गया l

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 15.01.2024

दिनांक 1 जनवरी को हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभीप्रतिभागियों ने पहली तीन श्रेणियों में स्थान प्राप्त किया.

राजेश जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 19.01.2024

जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर एवम जैन एंबुलेंस सेवा समिति ललितपुर के तत्वावधान में विशाल न्यूरोपैथी (नसों की कमजोरी एवम डायबिटीज संबंधी)जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न

दिनांक 19/1/2024 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम एवम जैन एंबुलेंस सेवा समिति ललितपुर के तत्वावधान में आधुनिक मशीनो द्वारा विशाल जाँच एवं उपचार शिविर सम्पन्न किया गया।शिविर की अध्यक्षता दि. जैन समाज के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन taraiya ने की। शिविर न्यूरोपैथी विशेषज्ञ श्री संजीव प्रियदर्शी एवं जितेंद पंथ, ने अपने उद्बोधन में बताया कि 40 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की नसों में कमजोरी एवं झुनझुनाहट प्रारम्भ हो जाती है एवं पक्षाघात की संभावना बड़ जाती है इसके बचाव के लिए समय समय पर जांच उपयोगी है एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्ति समुचित भोजन ब दवाएं लेते रहने इस समस्या से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एव उपचार आवश्यक है। शिविर में लगभग 110 लोगों ने अपनी जांच कराकर उपचार लिया। शिविर को सफल बनाने में संस्था के संरक्षक सनत जैन खजुरिया के साथ अध्यक्ष श्री विजय जैन लागोंन मंत्री,श्री राजकुमार सराफ श्री रमेश कुमार जैन ,सुरेंद्र सिंघई, सौरभ जैन,सौरभ जैन मेडिकल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## Gurgaon Unit: 22.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक18..01.2024 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 129 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Ghaziabad Unit: 25.01.2024

We feel pleasure to inform you that our unit has contributed a financial support to a economically weaker section Jain boy in Hip replacement treatment for Rs.61551/- in the month of December 23.

S.K.Jain, President V.K.Jain, Secretary

## Gurgaon Unit: 25.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक24..01.2024 चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 130 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 25.01.2024

**# अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम #**

**गुरुग्राम यूनिट**

दिनांक 21/01 2024 को यूनिट के पदाधिकारियों और सम्मानित सदस्यों की एक बैठक जैन मंदिर जी सिद्धान्त क्षेत्र शिकोहपुर में हुई। जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित थे।

1. सर्व श्री पी के जैन
2.श्री अनिल कुमार जैन
3. श्री पवन जैन
4. श्री राजेश जैन
5. श्री नरेश जैन sbi
6. श्री महेश सिंगल
7. श्री मति ऊषा जैन
8. श्री मति रेखा जैन
9. श्री मति सुषमा जैन
10. श्री संजीव जैन
11. श्री सुनील जैन
12. श्री अभिषेक जैन
13. श्री आकाश जैन
14. श्री प्रदीप जैन
15. श्री राकेश जैन
16. श्री आदेश जैन
17. श्री डी सी जैन

जिसमें सभी सम्मानित सदस्यों ने श्री पी के जैन, सरंक्षक की अध्यक्षता में कुछ उपयोगी और आकर्षक प्रस्तावों पर चर्चा की। जिन्हें दिनांक 24/01/2024, पोष बदि चतुर्दशी को भक्तामर पाठ के नियमित आयोजन में सबकी सहमति हेतु श्री पी के जैन, सरंक्षक, श्री पवन जैन, यूनिट प्रधान और राजेश जैन, यूनिट सचिव द्वारा सभी सद्स्यों के समक्ष मीटिंग के पटल पर रखा गया।

1. श्री पी के जैन, सरंक्षक ने सर्व प्रथम अवगत कराया कि "माह में एक बार णमोकार मंत्र का जाप" का आयोजन यूनिट किसी सदस्य के आवास स्थान पर किया जाये।

2. श्री राजेश जैन सचिव के आव्हान पर श्री पवन जैन, प्रधान ने यह विचार प्रस्तुत किया कि "अयोध्या जी और उसके आसपास के धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा में लिए एक आयोजन किया जाय।"

"सभी सदस्यों के विभिन्न विचार, मत और विमर्श के पश्चात श्री सोम प्रकाश जैन, सरंक्षक ने प्रस्तावों को अन्तिम रूप देते हुए निम्न निर्णय से अवगत कराया।"

1. माह फरवरी 2024 से प्रत्येक माह के आखिरी शनिवार को यूनिट के किसी न किसी सदस्य के आवास पर णमोकार मंत्र के जाप का आयोजन किया जायेगा, जिसका समय दिन में 2 बजे से 4 बजे तक रहेगा।
2. माह मार्च 2024 में होली त्योहार के पश्चात अयोध्या जी एवं आसपास के संभावित क्षेत्रों की यात्रा का आयोजन किया जाये जिसकी रूपरेखा श्री पवन जैन बना कर अवगत करायेंगे।

सभी सदस्यों ने बहुत ही हर्षित होकर करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए प्रस्तावों पर अपनी मोहर लगाई। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि फरवरी माह हेतु णमोकार मंत्र के पाठ हेतु सहमति भी प्राप्त हो चुकी है.

"यह प्रथम आयोजन करने का सौभाग्य मिला है श्री सुभाष जैन को"

दिनांक 24/02/2024

समय दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे तक

गृह निवास की लोकेशन समय पर भेज दी जायेगी

अंत में सचिव श्री राजेश जैन ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया, और सभा को यहीं विराम दिया।

राजेश जैन

सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 26.01.2024

5 नवंबर 2023 को आचार्य सुनील सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई बैंकिंग संगोष्ठी में हमारे द्वारा आचार्य श्री को यह आश्वासन दिया गया था कि हम जल्द ही अपने निकटवर्ती क्षेत्र के जैन मंदिरों में जैन समाज के लोगों की बैंकिंग संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए पोस्टर लगाएंगे।

इसी आश्वासन को पूर्ण करने के लिए आज दिनांक 25 जनवरी 2024 को अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु जारी किए गए पोस्टर का अनावरण आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भव्यकुमार जीनप्पा गुंडे जो राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैं एवं श्री नरेंद्र कुमार जैन, रिटायर्ड प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज के कर कमलों के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से संरक्षक श्री केवीएस जैन, शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री श्रेयांश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बीएस जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन, नोएडा शाखा के अध्यक्ष श्री आरबी जैन, श्री सुशील कुमार जैन रिटायर्ड वीपी इंडसइंड बैंक ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर आचार्य सुनील सागर जी महाराज द्वारा लाल किले पर भारी गई हुंकार के संबंध में प्रकाशित पुस्तिका का भी विमोचन किया गया जिसके विमोचन करने में सहभागिता देने का सौभाग्य भी हमारी शाखा के सदस्यों को प्राप्त हुआ।

उपरोक्त पोस्टर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद क्षेत्र के निकटवर्ती जैन मंदिरों में लगाया जाएगा ताकि हम वहां के जैन समाज के सदस्यों से आने वाली बैंकिंग समस्याओं का समाधान कर पाने में सहयोगी बन सके एवं आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के मुख्य उद्देश्यों का सही दिशा में अनुपालन कर सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

यह पोस्टर निकटवर्ती वैशाली क्षेत्र के दो मंदिर वसुंधरा क्षेत्र के दो मंदिर इंदिरापुरम के दो मंदिर नोएडा के दो मंदिर ऋषभ विहार एवं सूर्य नगर जैन मंदिर में लगवा दिए गए हैं. 02.02.24

## East Delhi Unit: 27.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की दिल्ली ईस्ट शाखा के द्वारा आज दिनांक 27 जनवरी 2024 की प्रात: ठंड के मौसम में यमुना बाजार दिल्ली के मरघट वाले हनुमान मंदिर के पास ठंड में रहने वाले लगभग 400 व्यक्तियों को चाय एवं बिस्किट का वितरण किया गया जिसको ग्रहण करते हुए सभी ने जय श्री राम एवं मरघट वाले बाबा की जय बोलते हुए सभी के लिए मंगल कामना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री प्रवीण कुमार जैन अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जैन सचिव एवं श्री अशोक कुमार जैन सदस्य द्वारा भाग लिया गया।

| | |
|---|---|
| प्रवीण कुमार जैन | प्रदीप कुमार जैन |
| अध्यक्ष | मंत्री |

## Sawaimadhopur Unit: 27.01.2024

जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष मोहनलाल जैन एवं परिवार द्वारा श्री चन्द्र सागर विद्यालय के छात्रों को कंबल वितरित किए गये.

## Gurgaon Unit: 29.01.2024

दिनाँक 16 जनवरी की प्रश्नोत्तरी के परिणाम स्वरूप प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले 16 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

## THA Ghaziabad Unit: 03.02.2024

हमें गुरुग्राम शाखा से श्री पवन कुमार जैन जी की माता जी का डिजीज कैस जिसका PNB से भुगतान वह पिछले 4 महीने से करा नहीं पा रहे थे। उसका भुगतान हम श्री विमल कांत जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री एवं श्री सुधीर कुमार जैन जी कोषाध्यक्ष मेरठ शाखा के सहयोग से करा पाने में सफल रहे। इसके लिए हम श्री विमल कांत जैन एवं श्री सुधीर कुमार जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 04.02.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक03.02.2024 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 131 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 04.02.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की साधारण सभा श्री विमल कांत जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री के निवास गुलमोहर ग्रीन मोहन नगर पर आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को दोपहर 2:00 बजे आयोजित की गई जिसमें शाखा के 13 सदस्यों ने भाग लिया। सभा का शुभारंभ 9 बार नवकार मंत्र का पाठ करने के साथ हुआ। मीटिंग की अध्यक्षता श्री विमल कांत जैन जी द्वारा की गई। शाखा में पधारे नए सदस्य श्री अरुण कुमार जैन, VP, मोजिहो Bank ( Japani Bank) का माल एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सचिव श्री अंकित जैन द्वारा पिछली आयोजित सभा की मिनिट्स पढ़कर सुनाई एवं सर्वसम्मति से इसकी पुष्टि की गई। उसके उपरांत सचिव महोदय ने 1 सितंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक शाखा द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं उसकी समीक्षा की गई। आगामी समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा करते हुए निम्न कार्यक्रम निकट भविष्य में कराए जाने के ऊपर सहमति दी गई है:

1. यह निर्णय लिया गया कि हर तीसरे महीने में कम से कम एक बार 48 दीपक भक्तांबर विधान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यकारी वर्ष में पहला पाठ नवंबर में किया गया था उसके उपरांत अब 8 फरवरी को तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण के अवसर पर यह विधान आयोजित किया जाएगा।
2. फरवरी के महीने में ही दसवीं एवं 11वीं क्लास के बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम किए जाने पर सभी ने अपनी सहमति दी।
3. मार्च या अप्रैल के महीने में एक मेडिकल कैंप कैंसर एक्सपर्ट को बुलाई जाने एवं मैमोग्राफी कराए जाने के लिए वैन को भी बुलाने पर सहमति दी गई।
4. निकट भविष्य में बड़े गांव के बाल आश्रम या गुरुकुल में बच्चों को स्टेशनरी आदि का वितरण किए जाने का भी निर्णय लिया गया।
5. यह भी निर्णय लिया गया कि हमारे द्वारा जो निकटवर्ती क्षेत्रों में बैंकिंग समस्या समाधान हेतु पोस्टर लगाए गए हैं उससे संबंधित कोई भी जैन समाज के बंधुओ से प्राप्त समस्याओं का त्वरित निराकरण किये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

शाखा संरक्षक श्री जेके जैन द्वारा बताया गया कि हमें जल्द ही केंद्रीय कार्यालय को अपनी शाखा के सदस्यों की सूची प्रेषित करनी है अतः हमें प्रयास करना चाहिए कि जल्द से जल्द हम अपनी शाखा की सूची को अपडेट कर उन्हें प्रेषित करें साथ ही सभी सदस्यों से अपना वार्षिक सदस्यता शुल्क भी जल्द से जल्द जमा करना है ताकि उसका भी 50% केंद्रीय कार्यालय को प्रेषित किया जा सके। उपस्थित सभी 13 सदस्यों के द्वारा अपना वार्षिक सदस्यता शुल्क तुरंत जमा कर दिया गया जिसके लिए सचिव श्री अंकित जैन द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

यह भी अनुरोध किया गया कि शाखा के सदस्यों की सूची अपडेट करके ग्रुप पर डाली जाए ताकि यदि उसमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना हो तो उस संशोधन को करके एवं पूर्ण रूप से अपडेट करके केंद्रीय कार्यालय को भेजा जा सके। शाखा में सदस्यों की संख्या बढाने पर भी जोर दिया गया एवं सभी उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि यदि उनकी जानकारी में कोई भी सदस्य हमारे निकटवर्ती क्षेत्र में कार्य कर रहा है या रह रहा है तो उसकी जानकारी हमें दें ताकि उसे शाखा का सदस्य बनाया जा सके। अंत में सूक्ष्म जलपान के साथ एवं आयोजक श्री विमल कांत जैन जी का मीटिंग किए जाने एवं स्वादिष्ट जलपान कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 06.02.2024

हमें पटपड गंज दिल्ली से श्रीमती रचना जैन जो पिछले 6 महीने से बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अपना हाउसिंग लोन समय से पूर्व बंद कराने का प्रयास कर रही थी परंतु नहीं हो पा रहा था, की रिक्वेस्ट हमारे पास आई हमारे द्वारा श्रीमती आयुषी जैन अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सहयोग से यह कार्य त्वरित रूप में कर पाने में सफल हुए। साथ ही उनके प्रॉपर्टी संबंधी सभी दस्तावेज भी उन्हें प्राप्त करा दिए गए हैं। इसके लिए हम श्रीमती आयुषी जैन अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 08.02.2024

तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के निर्वाण उत्सव के अवसर पर आज दिनांक 8 फरवरी 2024 को अपराह्न 6:30 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से भक्तांमर जी का 48 दीप महा अर्चना पाठ भव्य रूप में श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में आयोजित किया गया जिसमें शाखा के 10 सदस्य परिवारों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से श्री केवीएस जैन संरक्षक श्री जेके जैन संरक्षक श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष श्री अंकित जैन सचिव श्री श्रेयांश कुमार जैन उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार जैन वसुंधरा सदस्य कुमारी प्रीतिति जैन वैशाली सदस्य श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष श्री अरुण जैन वैशाली सदस्य श्री मयंक जैन वैशाली सदस्य एवं वैशाली क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाज के परिवारों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर शाखा की ओर से जैन समाज के अध्यक्ष श्री महिम जैन जी, श्रीमती शिप्रा जैन एवं वर्धमान वूमन क्लब सदस्याओं का इस कार्यक्रम में सहभागिता देने एवं सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अंत में भक्तांमर पाठ की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 10.02.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक08.02.2024 चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 132 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री आदिनाथ भगवान का चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 18.02.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक17.02.2024 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 133 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री आदिनाथ भगवान का चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 23.02.2024

आज दिनांक 23 फरवरी 2024 को आचार्य ज्ञेय सागर जी महाराज ससंघ बिहार करते हुए मेरठ के शास्त्री नगर डी ब्लॉक जैन मंदिर में विराजमान थे उनके दर्शनार्थ अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के कुछ सदस्यगण सपरिवार उनके दर्शनाथ मेरठ के शास्त्री नगर जैन मंदिर गए एवं उनके दर्शन कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर शाखा के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा सभा को संबोधित भी किया गया। इस यात्रा में शाखा से मुख्य रूप से शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन सपरिवार सम्मिलित हुए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Agra Unit: 25.02.2024

आज दि.25.2.24 रविवार को श्री 1008चंदा प्रभु जैन मंदिर जी,ट्रांस यमुना में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा द्वारा एक बैंकिंग परामर्श शिविर। 10 बजे मंदिर परिसर में लगाया गया। सर्व प्रथम आचार्य विद्या सागर के चित्र का अनावरण फोरम के संरक्षक श्री अरुण रपरिया,अवनि जैन, के के जैन ने किया। दीप प्रज्वलन मंदिर जी के मंत्री श्री कुमार मंगलम , एवम कोषाध्यक्ष श्री कैलाश चंद जैन,फोरम के संरक्षक श्री रपरिया जी,श्याम बाबू जैन,के के जैन, अध्यक्ष श्री राजीव जैन ने संयुक्त रूप से किया। मंगलाचरण श्री के के जैन ने किया।

इसके पश्चात मंत्री जे बी जैन ने फोरम के पदाधिकारियों का परिचय कराया तथा फोरम द्वारा सभी उपस्थित श्रेष्ठिजनों का स्वागत सम्मान माला ,पटका पहनाकर किया गया l रपरिया जी ने फोरम के उद्देश्यों तथा कार्यों के बारे में बताया l इस अवसर पर जैन समाज के करीब 40 से अधिक लोग उपस्थित थे जिन्होंने इस शिविर का लाभ उठाया जिसमे पुरुष, महिलाएं तथा बड़े बच्चे शामिल हुए l क्रेडिट कार्ड, एफडीआर,नॉमिनेशन, लॉकर, म्यूचुअल फंड ,एजुकेशन लोन से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनके समुचित उत्तर स्टेट बैंक ट्रेनिंग सेंटर से पधारे चीफ मैनेजर श्री TD Jethwani एवम एसबीआई ,बोदला शाखा से पधारे श्री अतुल वर्मा ने संतुष्टप्रद उत्तर दिए l अंत में अध्यक्ष राजीव जैन ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया सभी को जलपान कराया गया. संचालन मंत्री जे बी जैन ने किया l जलपान में सहयोग सत्येंद्र जैन, केनरा बैंक,सत्येंद्र जैन sbi, पवन जैन pnb, रमेश चंद जैन,कोषाध्यक्ष, राकेश मोहन जैन,अवधेश जैन मुख्य संयोजक ने किया l इसके बाद फोरम के सदस्यों की मीटिंग हुई जिसमे मेडिकल कैंप लगाने, महावीर जन्म कल्याण महोत्सव में फोरम द्वारा स्वागत करने पर विचार किया गया अंत मे गहन विचार विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि फोरम के पदाधिकारी उपर्युक्त दोनों विषय में निर्णय लेने में सक्षम है l इसके पश्चात हाल ही में समाधिस्थ श्रद्धेय आचार्य विद्यासागर जी को विन्यांजलि दी गई नौ बार नमोकार मंत्र का पाठ किया गया l इस प्रकार सभा का विसर्जन हुआ l

## Gurgaon Unit: 01.03.2024

आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के समाधि मरण के अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम, गुरुग्राम द्वारा विनयांजलि सभा का आयोजन दिनाँक 24/02/2024 को किया गया। आयोजन की अध्यक्षता परम सरंक्षक श्री पी के जैन द्वारा की गयी. सभा का शुभारम्भ णमोकार मंत्र के उच्चारण से किया गया। सभा में बड़ी संख्या में सदस्यों के हिस्सा लिया। सभा मे कई सम्मानित सदस्यों के आचार्य श्री के तप, त्याग, जीव दया तथा समाज में उनके योगदान को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। सभा के समापन पर सचिव श्री राजेश जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया. आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनिराज नमो नमः
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 01.03.2024

दिनांक 21 जनवरी को लिये गए निर्णयानुसार फरवरी माह के अंतिम शनिवार 24/02/24 को प्रथम offline णमोकार मंत्र का जाप का आयोजन श्री सुभाष जैन के निवास स्थल पर किया गया जिसमें फोरम के 35 सदस्यों ने भाग लिया। इस 3 घंटे तक चले कार्यक्रम में सर्वप्रथम, णमोकार मंत्र का सामुहिक जाप किया गया। तत्पश्चात भक्तामर पाठ , भजन, मंगल गीत बधाई गीत एवं आरती की गयी। तत्पश्चात सुरुचि पूर्ण स्वादिष्ट अल्पाहार का आनन्द लिया। अंत में प्रधान श्री पवन जैन द्वारा श्री सुभाष जी एवं श्रीमति उर्मिला जैन को इस सुन्दर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये धन्यवाद प्रेषित किया गया। अगला कार्यक्रम मार्च माह के अंतिम शनिवार 30 मार्च को श्री नरेश जैन एवं श्रीमति सुनीता जैन के यहाँ प्रस्तावित है।
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 04.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 03.03.2024 आष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 135 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान का चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## Ujjain Unit: 05.03.2024

जैन बैंक फोरम उज्जैन यूनिट के अध्यक्ष श्री राकेश जैन एवं मृदुला भाभी ने उनके वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर परआज गौशाला उज्जैन में जाकर गौ सेवा का कार्य किया अन्य सदस्यों को भी उनके जन्म दिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ आदि अवसरों पर इस तरह के सेवा कार्य करने की प्रेरणा लेना चाहिए,.

## Baran Unit: 08.03.2024

आज दिनांक 08.03.2024 को गुरुदेव ज्ञान सागर जी के दीक्षा दिवस पर श्री 1008श्री भगवान शांतिनाथ कुंदकुंदाचार्य ज्ञान तीर्थ बारां पर गुरु उपकार दिवस समारोह गणनी आर्यिका स्वस्ति धाम प्रणेता स्वस्ति भूषण माताजी के सान्निध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज बारां द्वारा आयोजित किया गया जिसमें गुरुदेव सराकोद्धारक आचार्य रत्न ज्ञान सागर जी को विनियांजलि देने हेतु टीकमगढ़, सागर,सोनागिर जी,ग्वालियर,मुरैना दिल्ली तथा देश के अन्य राज्यों से गुरुदेव के भक्त विद्वान पधारे इस अवसर पर जहाजपुर, झालरापाटन,कोटा के समाज श्रेष्ठी भी पधारे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री आर के जैन कोटा इकाई के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद जैन,उपाध्यक्ष श्री वी सी जैन तथा सचिव महावीर कुमार जैन साथियों के साथ उपस्थित रहे एवम गुरुदेव को विनियांजलि दी

## Gurgaon Unit: 10.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 09.03.2024 चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर *सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 136 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की

महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान का चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 18.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 17.03.2024 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर *सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 137 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान का चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## Jaipur Unit: 18.03.2024

यह सूचित करते हुए परमआनंद की अनुभूति हो रही है कि दिनांक 27/03/24 से 01/04/24 तक वैशाली नगर जयपुर में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव में तीर्थंकर के माता -पिता बनने का परम सौभाग्य सहायक महा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक से सेवा निवृत श्री अशोक कुमार जी पाटनी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संतोष जी पाटनी जोबनेर निवासी, वैशालीनगर जयपुर को प्राप्त हुआ है । साथ ही वैशाली नगर जिन मंदिर की नव निर्मित वेदी में तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ भगवान की प्रतिमा विराजमान करने का पुण्यात्मक अवसर भी इसी परिवार को प्राप्त हुआ है । श्री अशोक जी पाटनी वर्ष 2013-14 से ही दिल्ली में जैन बैंकर्स फोरम से जुड़े हुए है । जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है । पाटनी परिवार धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में शुरू से रुचि रखते हैं। हम जानते है कि तीर्थंकर के माता पिता बनने का सौभाग्य एवं वेदी में श्रीजी विराजमान करने का अवसर किसी पुण्य शाली को ही प्राप्त होता है ।

## Agra Unit: 19.03.2024

आज दिनांक 19.03.2024 दिन मंगलवार को जैन बैंकर फोरम आगरा के सदस्यों ने सेक्टर 2, आवास विकास कॉलोनी, सिकंदरा, आगरा में स्थित कालका गौशाला में वहां पर आश्रय पा रहीं गायों के लिए भूसा एवं हरा चारा का सहयोग दिया l इस गौशाला में वर्तमान में 84 गाय तथा बछड़े है केवल तीन गाय दुधारू है शेष गाय दूध नहीं देती है l इस गौशाला में बीमार गायों का इलाज भी किया जाता है वहां हमने देखा की गाय के साथ-साथ घायल कुत्तों का भी इलाज किया जा रहा था तीन वेटनरी डॉक्टर भी इस गौशाला में बीमार पशुओं का इलाज मुफ्त करते हैं। इस अवसर पर राजीव जैन,अध्यक्ष, अवनी कुमार जैन,संरक्षक, राकेश मोहन जैन, अनिल कुमार जैन, सत्येंद्र जैन, जेवी जैन,मंत्री, महेश जैन, रमेश चंद जैन,कोषाध्यक्ष, के के जैन ,उपाध्यक्ष,नए सदस्य नवीन जैन उपस्थित थे l गौशाला के व्यवस्थापक श्री धर्मवीर सिंह को पशुओं की खाद्य सामग्री सौंपी गई। सभी उपस्थित लोगों ने अपने हाथों से गायों को चारा भी खिलाया l
राजीव जैन (अध्यक्ष) जे बी जैन (सचिव) आर सी जैन (कोषाध्यक्ष)

## Ujjain Unit: 22.03.2024

धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय आगर रोड उज्जैन पर दिनांक 22 मार्च 2024 को जैन बैंक फोरम उज्जैन यूनिट द्वारा शंख प्रक्षालन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न इच्छुक महानुभावों द्वारा योग क्रिया में भाग लिया गया कार्यक्रम को योग प्रशिक्षक श्री रमेश झा (सेवा निवृत मुख्य प्रबंधक एसबीआई )द्वारा शंख प्रक्षालन प्रक्रिया करवाई गई इस अवसर पर शासकीय धनवंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जेपी चौरसिया भी उपस्थित रहे जैन बैंक फोरम की ओर से विशेष तौर पर अध्यक्ष श्री राकेश जैन, एसबीआई सचिव श्री विमलेश जैन एमपीजीबी श्री हीरालाल बिलाला यूको बैंक श्री अशोक जैन बैंक ऑफ़ इंडिया श्रीमती मृदुला जैन प्राध्यापक माधव साइंस कॉलेज उपस्थित थे l इसे शिविर मैं लगभग 20 पार्टिसिपेट ने भाग लिया l

## Agra Unit: 22.03.2024

आज दिनांक 22.03.2024 दिन शुक्रवार को जैन बैंकर फोरम आगरा द्वारा आवास विकास कालोनी में स्थित राम लाल वृद्धाश्रम में 750 लीटर क्षमता की पानी की टंकी लगवाई। इस कार्य हेतु पूर्ण आर्थिक सहयोग श्री सत्येन्द्र कुमार जैन (SBI) द्वारा किया गया।

## THA Ghaziabad Unit: 23.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के सदस्यों द्वारा आज दिनांक 23 मार्च 2024 को प्रातः 9:00 बजे सेक्टर 50 नोएडा के जैन मंदिर में विराजमान आचार्य वसु नंदी जी महाराज ससंघ के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त किया l इस अवसर पर शाखा के निम्न सदस्यों द्वारा अपनी सहभागिता दी:

1. श्री केवीएस जैन राष्ट्रीय एवं शाखा संरक्षक
2. श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक
3. श्री विशाल चंद जैन शाखा अध्यक्ष
4. श्री विमल कांत जैन राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री एवं शाखा सदस्य
5. श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य
6. श्री सुखसागर जैन शाखा सदस्य

7. श्रीमती आरूषी जैन शाखा सदस्य
नोएडा सेक्टर 50 के जैन समाज के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया l इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा जैन बैंकर एवं ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही आचार्य श्री से अनुरोध किया कि उनके सानिध्य में निकट भविष्य में जैन बैंकर फोरम की नोएडा शाखा के तत्वाधान में यहां के जैन समाज के सदस्यों की बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया जाए जिसके लिए आचार्य श्री ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की l

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Noida Unit: 23.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की नोएडा शाखा के सदस्यों द्वारा आज दिनांक 23 मार्च 2024 को प्रातः 9:00 बजे *श्री दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 50 नोएडा में विराजमान आचार्य श्री 108 वसु नंदी जी महाराज ससंघ के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ l इस अवसर पर शाखा के निम्न सदस्यों द्वारा अपनी सहभागिता दी गई :

1. श्री राज भूषण जैन शाखा अध्यक्ष
2. श्री सी एस जैन
3. श्री नवनीत जैन
4. श्री प्रदीप जैन
5. श्री अनिल जैन
6. श्री एस के जैन

और साथ में ट्रांस हिंडन शाखा के निम्नलिखित सदस्य भी उपस्थित थे:

1. श्री केवीएस जैन राष्ट्रीय एवं शाखा संरक्षक
2. श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक
3. श्री विशाल चंद जैन शाखा अध्यक्ष
4. श्री विमल कांत जैन राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री एवं शाखा सदस्य
5. श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य
6. श्री सुखसागर जैन शाखा सदस्य
7. श्रीमती आरूषी जैन शाखा सदस्य

नोएडा सेक्टर 50 के जैन समाज के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया l इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा जैन बैंकर फोरम एवं एजुकेशन ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आचार्य श्री से अनुरोध किया गया कि उनके सानिध्य में निकट भविष्य में जैन बैंकर फोरम की नोएडा शाखा के तत्वाधान में यहां के जैन समाज के सदस्यों की बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। जिसके लिए आचार्य श्री ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की l

राज भूषण जैन
शाखा अध्यक्ष

## Noida Unit: 23.03.2024

आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज ससंघ के प्रवचनों के पश्चात जैन बैंकर्स फोरम नोएडा शाखा की साधारण सभा श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 50 के परिसर में आयोजित की गई। जिसमे निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

1. नौ बार नमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ किया गया।
2. पिछले मीटिंग की कार्यवाही की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।
3. आपस में सभी सदस्यों का एक दूसरे से परिचय कराया गया।
4. श्री जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों तथा ट्रांस हिंडन शाखा के सदस्यों का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।
5. श्री जे के जैन जी ने अपने उद्बोधन में कहा की नोएडा यूनिट को समय समय पर कुछ न कुछ एक्टिविटी करते रहना चाहिए। धीरे धीरे भाग लेने वालो की संख्या खुद ही बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि यह नहीं सोचना चाहिए कि कितने सदस्य आ रहे हैं जितने भी सदस्य आ रहे है उनको लेकर आगे बढ़े-  धीरे-धीरे सदस्य अपने आप जुड़ जाएंगे l
6. आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज की सहमति के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि इसी माह के अंत में या अगले माह के प्रारंभ में आचार्य श्री के सानिध्य मैं ही एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा l
7. श्री जे के जैन जी की सहमति से नोएडा शाखा के नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया:

1.श्री अरविंद जैन (Retd.ED.P&SB) परम संरक्षक
2.श्री सुशील कुमार जैन(Sr.VP IndusInd Bank) संरक्षक
3.श्री उमेश जैन(Retd.GM PNB) संरक्षक
4.श्री राज भूषण जैन(Retd.DGM OBC) अध्यक्ष

5.श्री प्रदीप जैन(Retd.CM PNB) कार्यकारी अध्यक्ष
6.श्री अनिल जैन(Retd.Sr.Mgr PNB) उपाध्यक्ष
7.श्री अनुज जैन(Retd.AGM SBI) उपाध्यक्ष
8.श्री नवनीत जैन(Mgr. SBI) सचिव
9.श्री सी एस जैन(Retd.Sr.Mgr. BOB)संगठन मंत्री
10.श्री के के जैन(Mgr.SBI)कोषाध्यक्ष
11.श्री एन सी जैन(Retd.Officer Canara Bank) कार्यकारिणी सदस्य
12.श्री एस के जैन(Retd.Mgr SBI) कार्यकारिणी सदस्य
सभी उपस्थित सदस्यों के धन्यवाद के साथ सभा का समापन हुआ

| राज भूषण जैन | नवनीत जैन | प्रदीप जैन | के के जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | सचिव | कार्यकारी अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 25.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 24.03.2024 चतुर्दशी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर *सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 138 वाँ पाठ किया ।कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान का चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 25.03.2024

जैन बैंकर्स फोरम की गुरुग्राम यूनिट द्वारा वाराणसी,अयोध्याजी व प्रयागराज* की 5 दिवसीय यात्रा का दिनाँक 7 मार्च से 12 मार्च तक आयोजन किया!! जिसमें फोरम के 16 सदस्यों ने सपरिवार सहभागिता की। यात्रा दिनाँक 7 मार्च को नई दिल्ली से वन्दे भारत ट्रेन से शुरू हुई । रात्रि में वाराणसी पहुँच कर विश्राम के बाद सवेरे सभी सदस्यों ने भगवान पार्श्वनाथ जी की जन्मभूमि भेलुपुर जैन मंदिर तथा भगवान सुपार्श्वनाथ की जन्मभूमि भदेनी जैन मंदिर के दर्शन किये । तत्पश्चात सभी यात्रियों ने वाराणसी नगर भ्रमण किया तथा शाम को गंगा नदी में क्रूज का आनंद लेते हुए गंगा आरती के साक्षी बने । दूसरे दिन सभी सदस्यों ने विख्यात बाबा विश्वनाथ मंदिर के दर्शन का लाभ प्राप्त किया, इसके पश्चात अयोध्या जाते हुए मार्ग में भगवान श्रेयांश नाथ जी की जन्मभूमि सिंह पूरी, सारनाथ मंदिर तथा भगवान चन्द्रप्रभु की जन्मभूमि चंद्रा वती में भगवान चन्द्रप्रभ की पूजा आराधना की ।
शाम को अयोध्या जी पहुँच कर अगले दिन नव निर्मित श्री रामजन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी तथा पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि भगवान आदिनाथ जी , अजितनाथ जी, अभिनन्दन नाथ जी, सुमति नाथ जी एवं अनंतनाथ जी भगवान के मंदिरों के दर्शन किये!! इसके बाद प्रयागराज के लिए प्रस्थान किया । रात्रि में विश्राम के पश्चात सवेरे त्रिवेणी संगम में नोकायन का आनंद लिया और सिंहपुरी, कोसांबी में पदम प्रभु भगवान और प्रभासगिरी मंदिरो के दर्शन का अवसर मिला।
सभी यात्रियों ने बड़े ही उत्साह एवं भक्ति के साथ सभी जिनालायों के दर्शन का लाभ प्राप्त किया तथा साथ ही वायुदूत के स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लेते हुए सभी सदस्य रात्रि ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान किया!!
राजेश जैन, सचिव

## Agra Unit: 30.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा के सदस्यों ने आज दिनांक 27 मार्च 2024 को राम लाल वृद्ध आश्रम, आवास विकास कॉलोनी, सेक्टर 10 ,सिकंदरा जाकर आटा,दाल,चीनी, बेसन, चाय पत्ती ,तेल, चावल, मसाले, साबुन आदि सामग्री वहां के मैनेजर को सौंपी l इस समय आश्रम में करीब 20 बेसहारा पुरुष, महिलाए निवास करते हैं। इस अवसर पर श्री अवनी जैन, श्री महेश जैन SBI, श्री आर सी जैन कोषाध्यक्ष, श्री राजीव जैन अध्यक्ष,श्री महेश चंद जैन SBI, श्री अनिल जैन, श्री राकेश जैन,श्री सत्येंद्र जैन, श्री एन के जैन इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता की।

| राजीव जैन,अध्यक्ष | जे बी जैन,मंत्री | आर सी जैन,कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|

## Gurgaon Unit: 30.03.2024

दिनांक 21 जनवरी को लिये गए निर्णयानुसार मार्च माह के अंतिम शनिवार 30/03/24 को द्वितीय offline णमोकार मंत्र का जाप का आयोजन श्री नरेश जैन के निवास स्थल पर किया गया. जिसमें फोरम के 21 सदस्यों ने भाग लिया। इस 3 घंटे तक चले कार्यक्रम में सर्वप्रथम, णमोकार मंत्र का सामुहिक जाप किया गया। तत्पश्चात भक्तामर पाठ , भजन, मंगल गीत बधाई गीत एवं आरती की गयी। तत्पश्चात सुरुचि पूर्ण स्वादिष्ट अल्पाहार का आनन्द लिया। अंत में श्री पवन जैन, अध्यक्ष गुरुग्राम यूनिट द्वारा श्री नरेश जैन जी एवं श्रीमति सुनीता जी जैन को इस सुन्दर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये धन्यवाद प्रेषित किया गया। अगला कार्यक्रम अप्रैल माह के अंतिम शनिवार 27 अप्रैल,2024 को श्री राजेश जैन एवं श्रीमति रूपा जैन के निवास पर प्रस्तावित है।

## Bhopal Unit: 02.04.2024

आज अष्टमी के दिन सांय 7.15 पर श्री वासपूज्य जिनालय , बावड़ियां कलां में 48 दीपकों के साथ भक्तामर जी के पाठ सौल्लास संपन्न हुआ, कार्यक्रम जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के तत्वाधान में किया गया, नवीन मंदिर में फोरम द्वारा प्रथम बार पाठ का आयोजन किया गया.

## Gurgaon Unit: 03.04.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव यूनिट द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 02.04.2024 अष्टमी के अवसर पर फोरम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर *सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 139 वाँ पाठ किया ।कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान का चालीसा तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Agra Unit: 04.04.2024

Today Foram ki तरफ़ से आज हमने दो कन्याओं क्लास 3rd, 4th ki पुस्तकें खरीदने के लिए राशि 12000/ का चेक उनकी माता को उनके घर जाकर दिया l पिता का देहांत कोविड में हो गया था l

जे बी जैन ,मंत्री

रमेश चंद जैन,कोषाध्यक्ष